हरिभूमि
# रायपुर भूमि







# सज गया सरोना स्टेशन, बचा लिए गए 100 से अधिक पेड़, यहां रायपुर से भी चौड़ा फुट ओवरब्रिज

50 साल के विजन के साथ तैयार अमृत भारत योजना से सरोना स्टेशन का कायाकल्प लगभग पूरा, मिलेगी आधुनिक यात्री सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर मंडल के सरोना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य अब पूरा हो चुका है। कभी चंद बुनियादी सुविधाओं तक सीमित रहने वाला यह स्टेशन अब पूरी तरह से हाईटेक और



आधुनिक रूप ले चुका है। रेलवे ने इसे अगले 40 से 50 वर्षों की यात्री जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। इस कायाकल्प के साथ ही सरोना, रायपुर मंडल का पहला ऐसा छोटा स्टेशन बन गया है, जहां यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई है। रायपुर स्टेशन से भी चौड़ा यहां ▶▶|शेष पेज 13 पर

### लोकार्पण से मिलेगी सभी यात्री सुविधाएं

सोमवार को हरिभूमि की टीम ने जब सरोना स्टेशन का जायजा लिया, तो पाया कि तीन साल से चल रहा निर्माण कार्य अब पूरी तरह लगभग संपन्न हो चुका है। रेलवे प्रशासन अब इसके औपचारिक लोकार्पण का इंतजार ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### 57 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर और प्रभारी पुलिस उपायुक्त, यातायात एवं प्रोटोकॉल के निर्देशानुसार शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। रविवार को एसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में शहर के 9 स्थान तेलीबांधा चौक, पचपेड़ी नाका चौक, भाठागांव चौक, टाटीबंध चौक, कालीबाड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, भनपुरी चौक एवं पंडरी थाना के सामने यातायात के अधिकारियों एवं जवानों की टीम बनाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 57 वाहन चालकों में 40 कार, 5 मोटरसाइकिल, 3 ऑटो, 9 मालवाहक वाहन को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया।

### घर में बम फेंकने वालों से पूछताछ, चोरी का खुलासा



**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में महिला के घर में बम फेंककर चाकू की नोक पर धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग, जिसमें एक किशोरी है, के सहित आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से पूछताछ में चोरी का भी खुलासा हुआ है। घर में बम फेकने के आरोप में पुलिस ने सोनू पटेल, आकाश पासवान, सूरज सिंह, शेख कलीम तथा एक किशोर और एक किशोरी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर माना, बोरियाकला स्थित एक खिलौना दुकान में पूर्व में चोरी की थी।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के पांच पैनल ध्वस्त, 72 घंटे अभियान, कई राज्यों में छापे, दबोचे गए 26

*सटोरियों के कब्जे से 18 लाख कैश के साथ 50 लाख का सामान जब्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

अमरबेल की तरह फैल चुके आईपीएल क्रिकेट सट्टा में पांच थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्रिकेट सट्टा में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट सेल की टीम ने कोलकाता, हरियाणा, झारखंड में दबिश देकर सट्टा के पांच पैनल को ध्वस्त करते हुए 26 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पूर्व की कार्रवाई में पकड़े गए सटोरियों की निशानदेही पर की है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 18 लाख कैश के साथ 50 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने अलग-अलग थानों में दर्ज 18 प्रकरण की जांच कर अब तक 14 पैनल ध्वस्त करने में कामयाबी हासिल की है। अभी की कार्रवाई में पुलिस ने झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार सहित प्रदेश के दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़, बालोद व रायपुर जिले के 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### *अब तक साढ़े चार करोड़ की संपति जब्त*

*सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस ने अब तक 18 प्रकरण में सौ सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से एक करोड़ रुपए कैश के साथ साढ़े तीन करोड़ रुपए की संपति जब्त की है। आईपीएल क्रिकेट शुरू होने के बाद से लेकर अब तक मैच के अंतिम सोपान तक पहुंचने के पहले पुलिस की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। आईपीएल के दौरान एवं पूर्व में सट्टा पैनल नेटवर्क गिरोह को ध्वस्त किया गया है। साथ ही पहली बार पेमेंट गेटवे पर कार्रवाई की गई है।*



### पूर्व और वर्तमान में इन पैनलों के खिलाफ कार्रवाई

आईपीएल के दौरान जो लोग पैनल बनाकर सट्टा संचालित कर रहे थे, उन पैनल ऑपरेटरों के खिलाफ पुलिस ने जो कार्रवाई की है, उसकी सूची इस प्रकार से है-

- मंजीत सिंह, मोहिस सोमानी ग्रुप
- बाबू खेमानी ग्रुप
- नमन जग्गी, आयुष जैन एवं अंकित अग्रलवाल ग्रुप
- अमित जंघेल ग्रुप
- सोनू फतनानी ग्रुप
- अमन नत्थानी ग्रुप
- हर्ष नागदेव ग्रुप
- हरीश नायक ग्रुप
- लक्ष्मण एवं आशीष जाधव ग्रुप

**आईपीएल के पूर्व**

- राखब देव पाहूजा ग्रुप
- रितेश गोविंदानी ग्रुप
- आकाश तांडी ग्रुप
- प्रतीक वाधवानी एवं सैन्की देवड़ा ग्रुप
- धरमू उर्फ धर्मेन्द्र पोहानी ग्रुप

- सटोरियों के कब्जे से 18 लाख कैश के साथ 50 लाख का सामान जब्त
- कोलकाता, हरियाणा, झारखंड में दबिश देकर 72 घंटे ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने सटोरियों को किया गिरफ्तार

### पकड़े जाने पर पैनल का नाम बदलकर संचालन

आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालन करने वाले सटोरिए इतने शातिर हैं कि पैनल के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर पैनल से जुड़े अन्य सटोरिये अपने पूरे पैनल को किसी दूसरे पैनल में शिफ्ट कर देते थे या फिर पैनल का नाम बदलकर नए सिरे से सट्टा का संचालन करते हैं। ऐसे में ऑनलाइन सट्टा पर पूरी तरह से अंकुश लगाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### *इन सटोरियों के खिलाफ की गई कार्रवाई*

***तेलीबांधा के प्रकरण में** - बालोद के प्रदीप पटेल, हरियाणा, फरीदाबाद के निसान हटिया, बिलासपुर के राहुल शुक्ला, महाराष्ट्र, गोदिया के दीपेश डलवानी, बिलासपुर के लखन थावरानी, रायपुर के आकाश सिंह राजपूत उर्फ छोटू, रायपुर के लिखेश्वर साहू, बिहार, मकदोई के सुबोध राम, खरसिया के अमन नत्थानी, रायपुर के राम लालवानी*

***न्यू राजेन्द्र नगर के प्रकरण में**- रायपुर के सौरभ मुकीम, करण पिंजानी उर्फ किट्टू, शेख आसिफ, इमाम अहमद, झारखंड, देवघर के भैरव कुमार, राजीव कुमार, सिकंदर यादव, रविंद्र कुमार, भिलाई के गुरदेव सिंह*

***तिल्दा नेवरा के प्रकरण में**- तिल्दा के राहुल फतनानी, गौतम पंजवानी, किशन उर्फ सोनू हिंदुजा*

***मौदहापारा के प्रकरण में** - रायपुर के अजय उर्फ मोन्टू साहू, मुकेश जंघेल, अमित जंघेल, रवि डेंगवानी*

## रविवि ने फिर बदल दिया परीक्षाओं का टाइम-टेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एक बार फिर समय-सारिणी में बदलाव कर दिया गया है। रविवि ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर एलएलएम, बीएएलएली और बीएड सहित एआई के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की तिथियों में बदलाव किया है। इसके पूर्व बीते सप्ताह भी रविवि ने कई विषयों की समय-सारिणी में बदलाव किया था। रविवि कुछ विषयों को समय-सारिणी में शामिल करना ही भूल गया था। इसके अलावा कई विषय ऐसे भी थे, जिनकी परीक्षाएं सेमेस्टर आधार पर ली जानी थी, लेकिन वार्षिक आधार पर उन विषयों का टाइम-टेबल जारी किया गया। महाविद्यालयों से प्राप्त शिकायतों के बाद इसमें संशोधन कर छूटे गए विषय जोड़े गए थे। बदली गई समय-सारिणी में एमएससी जैसे महत्वपूर्ण संकाय भी शामिल थे।



### तिथियों में सामन्जस्य नहीं

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रत्येक संकाय के छात्रों को दूसरे संकाय के एक विषय चुनने की अनुमति है। उदाहरणस्वरूप बीए का छात्र कोई एक विषय कॉमर्स, विज्ञान अथवा गणित संकाय से चुन सकता है। अब छात्र ने गणित, कॉमर्स अथवा विज्ञान का जो विषय विकल्प के रूप में चुना है, उस विषय की परीक्षा जिस दिन है उसी दिन बीए की भी परीक्षा है। ऐसे में छात्र या तो बीए की परीक्षा दिला पाएगा अथवा दूसरे संकाय के उस विषय की जो उसने चुनी है। कई विषयों में इस तरह की टकराव की स्थिति निर्मित होने के बाद तिथियों में बदलाव किया गया है। महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने इसे लेकर रविवि प्रबंधन को खत भी लिखा था।



## डायबिटिक की दवा का दुरुपयोग वजन कम करने में 92 दवा दुकानों में हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुगर की जीएलपी-1 दवा का दुरुपयोग वजन कम करने किए जाने की शिकायतों के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजधानी की 92 रिटेल और थोक दवा दुकानों जांच की। इस दौरान संबंधित दवाओं की बिक्री का हिसाब-किताब रखने की सख्त हिदायत के साथ तीन दवा दुकानों को अनियमितता के संदेह में नोटिस जारी किया गया है। सीडीएससीओ के निर्देश के बाद एफडीए के अफसरों ने बिना डाक्टरी पर्ची के इसकी बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया था। औषधि निरीक्षकों द्वारा संबंधित फर्मों से औषधियों के क्रय-विक्रय बिल, स्टॉक रजिस्टर, सप्लायर विवरण, बैच नंबर, एक्सपायरी विवरण तथा वैध अनुज्ञप्ति अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना ▶▶|शेष पेज 13 पर

- खरीदी-बिक्री का लेखा-जोखा रखने की सख्त हिदायत, तीन को नोटिस




**एनएचएआई ने पहली किस्त की मंजूरी के लिए भेजा मुख्यालय को प्रस्ताव**

# सरोना से लाभांडी सर्विस रोड के बिजली खंभों की शिफ्टिंग पर खर्च होंगे 24 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सरोना से लाभांडी के बीच सर्विस रोड चौड़ीकरण को मंजूरी दे दी है। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 14.25 किलोमीटर लंबे मार्ग की सर्विस लेन को 10-10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने प्रोजेक्ट को सहमति दी है। सिविल वर्क शुरू होने से पहले सर्विस लेन में बाधा बन रहे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने की तैयारी है। पॉवर कंपनी ने सर्विस रोड पर आने वाले बिजली खंभों को शिफ्ट करने के लिए 24 करोड़ रुपए खर्च होने का एस्टीमेट बनाकर एनएचएआई को भेजा है। राशि मिलने के बाद कार्य शुरू होगा। एनएचएआई ▶▶|शेष पेज 13 पर



### भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं

बताया जाता है कि सरोना से लभांडी तक बने सर्विस रोड की चौड़ीकरण के लिए किसी अतिरिक्त जमीन के अधिग्रहण की जरूरत नहीं है, क्योंकि एनएचएआई के पास पहले से ही पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। ऐसे में यहां पर बिजली खंभों के हटने के बाद ही सिविल वर्क शुरू करने में दिक्कत नहीं होगी।

### *दोनों ओर की सर्विस रोड का चौड़ीकरण*

*राजधानी रायपुर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दोनों ओर के सर्विस लेन के चौड़ीकरण से लाभांडी, तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, भाठागांव अंतरराज्यीय बस स्टैंड और सरोना जैसे हाईवे से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। अभी इस मार्ग पर चौबीसों घंटे भारी वाहनों का दबाव रहता है, जिससे स्थानीय यातायात प्रभावित होता है और अक्सर जाम की स्थिति बनती है। सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग में सहूलियत होगी। साथ ही इस मार्ग से रोजाना आना-जाना करने वाले हजारों वाहन चालकों का समय भी बचेगा।*

# समस्या किसी भी विभाग की हो, गुणवत्तापूर्ण समाधान होः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए रायपुर जिला प्रशासन द्वारा एक बड़ी पहल की गई है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत नवागांव में एक विशाल 'सुशासन शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर में नवागांव (खुंटेरी) सहित आसपास की 24 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया, जहां उनकी समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निराकरण करने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया। शिविर में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित सामग्रियों और सेवाओं का वितरण किया गया—आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाइसेंस और स्वास्थ्य परीक्षण की निःशुल्क सुविधा के साथ मनरेगा जॉब कार्ड, ऋण पुस्तिकाओं का वितरण। उज्ज्वला गैस कनेक्शन, किशोरी बालिका स्वच्छता किट का वितरण एवं महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी शासकीय स्टॉल का निरीक्षण कर जनता से सीधे संवाद किया



■ 24 पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

और समस्याओं को जाना तथा अधिकाधिक शिविर का लाभ उठाने प्रेरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय का सुशासन यही है कि शासन-प्रशासन आपके द्वार है।

## जनता के अधिकारों का बड़ा तिहार है सुशासन: सीईओ

*उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रत्येक निराकरण पर फोकस है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राहत योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक्सीडेंटल केस में एफआईआर की कॉपी के साथ तहसील राजस्व अधिकारियों से तत्काल संपर्क करें एवं अधिकतम 1.5 लाख रुपये की राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि रायपुर जिला देश में प्रथम है, जहां 2 हितग्राहियों को यह राहत मिली है। वहीं, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने सुशासन की परिभाषा को बेहद सरल शब्दों में साझा किया। उन्होंने कहा कि सुशासन का व्यापक अर्थ ही पारदर्शी शासन, न्यायपूर्ण व्यवस्था और जनता की समस्याओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने इस आयोजन को जनता के अधिकारों का एक बड़ा 'तिहार' (त्योहार) बताया। इस भव्य सुशासन शिविर को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, सभापति सरोजनी दिवाकर जांगड़े, जनपद सदस्य पद्मिनी साहू सहित सभी 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, जिला प्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रशासन की इस मुस्तैदी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैंकरा, जनपद सीईओ अभिषेक बनर्जी, तहसीलदार विनोद साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन, एडिशनल सीईओ मारुति राव, महिला बाल विकास अधिकारी दीप्ति शुक्ला, ममता गायकवाड़, बैंक अधिकारी डी.के. व्यास आदि उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### कूंरा मुक्तिधाम का 24.49 लाख से होगा कायाकल्प

**धरसीवां/कूंरा।** नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा के वार्ड 2 अंतर्गत स्थित मुक्ति धाम का शीघ्र कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की संवेदनशील पहल से 24 लाख 49 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।अब जर्जर हो चुके शव वाहन शेड एवं प्रतीक्षालय के पुनर्निमाण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जिसके लिए नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ने विधायक अनुज शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुक्ति धाम को गरिमामय, शांत एवं सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नगर अध्यक्ष गोविंद साहू ने इस कार्य को अपने चुनावी वादों में शामिल किया था। जिसे पूरा करने की दिशा में वे लगातार प्रयासरत रहे। उन्होंने 2025 - 26 के नगरपंचायत बजट में भी इस कार्य को प्राथमिकता से शामिल किया था उनके अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। राशि स्वीकृति होने से यहां शव वाहन हेतु आर सी सी शेड, स्नानागार, शौचालय, पेवर ब्लाक एवं कांक्रीट शोक सभा गृह के साथ हाईमास्क लाइट का निर्माण किया जाएगा। इससे नागरिकों को अंतिम संस्कार एवं शोक कार्यक्रमों के दौरान बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

### झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

सिलयारी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि झीरम घाटी के अमर शहीद नेताओं स्वर्गीय नंदकुमार पटेल, स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ल, स्वर्गीय महेंद्र कर्मा, स्वर्गीय उदय मुदलियार, स्वर्गीय योगेंद्र शर्मा सहित सभी शहीद कांग्रेसजनों को आज रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के सभी 11 ब्लॉकों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठियों का आयोजन कर उनके संघर्ष, बलिदान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में दिए गए योगदान को याद किया गया। धरसींवा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीद योगेंद्र शर्मा की धर्मपत्नी एवं पूर्व विधायक अनिता शर्मा, रायपुर ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने कहा कि झीरम घाटी के शहीद नेताओं ने लोकतंत्र, सामाजिक न्याय एवं जनाधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### ड्यूटी के बाद क्रेन ऑपरेटर लापता, जांच में जुटी पुलिस

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका मंदिर हसौद इंदिरा कॉलोनी निवासी भुनेश्वर यादव पिता आनंद यादव उम्र 38 वर्ष जो 22 मई को मिवान स्टील प्लांट में क्रेन ऑपरेटर के काम करते हैं जो की ड्यूटी गए हुए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भुवनेश्वर ड्यूटी से छूटने के बाद अपने दोस्तों के साथ जेपी ढाबा में बैठे थे। फिर वहां से निकाल कर अपने मित्रों के साथ कहीं मैदान पर बैठे थे। वहां से होकर रात्रि में अपने वार्ड के पार्षद के पास पानी की समस्या को लेकर चर्चा किए और अपने मोटरसाइकिल से वहां से चले गए जिसे 10:00 बजे के आसपास देखा गया। वही मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि थाना के स्टाफ रात्रि में अगस्त गस्त पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। कि अंग्रेजी शराब दुकान के पीछे मोटरसाइकिल खड़ी हुई थी तथा मोबाइल पर कॉल आ रहा था जो लंबा समय से मोबाइल बज रहा था। और आसपास कोई व्यक्ति नहीं थे। जहां पुलिस स्टाफ द्वारा कॉल रिसीव किया और सूचना उसके परिजनों को दिया। तथा मोबाइल को मंदिर हसौद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल के लिए अपने कब्जे में लिए, जो भुनेश्वर यादव रात्रि को घर नहीं आने पर उसके परिजनों द्वारा मंदिर हसौद थाने में सूचना दिया गया। वहीं सूचना के आधार पर मंदिर हसौद पुलिस टीम आसपास के सीसी टी वी कैमरा का फुटेज खंगाल रहे हैं। तथा उसके साथ जो बैठे हुए थे उसका बयान भी लिया गया। वही मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने अति शीघ्र मामले का खुलासा होने की बात कही।

## 20 हजार महीने में किराए पर देने की चर्चा, सीएमओ बोले- होगी जांच

# गरीबों के आशियाने पर सब्जी बाजार, आश्रय भवन पर कब्जे की शिकायत के बाद पालिका ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

गरीब और जरूरतमंद लोगों को रात में ठहरने की सुविधा देने के उद्देश्य से आजीविका मिशन के तहत बनाए गए आश्रय भवन पर कब्जे का मामला सामने आने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया। शिकायत मिलने पर नगर पालिका अमला अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचा और भवन को खाली कराकर अपने कब्जे में लेते हुए उस पर नगर पालिका का ताला लगा दिया।

आजीविका मिशन योजना से लाखो की लागत से करीब 1500 वर्गफीट क्षेत्र में बने इस दो मंजिला आश्रय भवन का निर्माण जरूरतमंद यात्रियों और असहाय लोगों के ठहरने के लिए किया गया था। भवन बनने के बाद इसे एक महिला समूह को संचालन के लिए दिया गया था। महिला समूह द्वारा लगभग चार वर्षों तक आश्रय भवन का संचालन किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों को मात्र 20 से 40 रुपए किराए में रहने की सुविधा दी जाती थी। इस एवज में महिला सम्हुह को एक तय राशी अनुदान के रूप में शासन से दी जाती थी लेकिन अब अनुदान राशी शासन से देना बंद कर दिया गया है।उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष भी



बदल गया। कुछ दिन बाद आश्रय भवन को खाली करा लिया गया और धीरे-धीरे भवन का उपयोग मूल उद्देश्य से हटकर होने लगा। भवन के सामने सब्जी दुकान लगाने वाला एक दुकानदार शाम के समय वहीं सब्जी के कैरेट और सामान रखकर ताला लगाने लगा। मामले की शिकायत किसी व्यक्ति द्वारा रायपुर कलेक्टर से किए जाने के बाद जांच शुरू हुई।

### पालिका पदाधिकारी के रिश्तेदार पर 20 हजार रुपए वसूली का आरोप

*जांच के दौरान जब नगर पालिका का अमला मौके पर पहुंचा तो वहां किसी जरूरतमंद व्यक्ति को आश्रय दिए जाने के बजाय बड़ी संख्या में सब्जियों के कैरेट और सामान रखे मिले। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर पालिका पदाधिकारी के एक रिश्तेदार द्वारा उक्त स्थान को करीब 20 हजार रुपए मासिक किराए पर दिए जाने की चर्चा है। हालांकि इस संबंध में नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कुछ भी कहने से बचते हुए केवल इतना कहा कि फिलहाल भवन को खाली कराकर सील कर दिया गया है और यह जांच की जा रही है कि आखिर सब्जी व्यवसायी ने वहां कब्जा कैसे किया।*

### कई अन्य सरकारी भवनों पर भी निजी कब्जे का आरोप

*नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों को आश्रय भवन पहुंचा देख आसपास के लोग भी हैरान रह गए। लोगों का कहना है कि गरीबों और राहगीरों के लिए बनाए गए भवन का इस तरह उपयोग होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका के कई अन्य भवन भी निजी उपयोग और किराए पर चल रहे हैं, जिसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को तक नहीं है। फिलहाल नगर पालिका ने आश्रय भवन को अपने कब्जे में लेकर ताला लगा दिया है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि मामले में जांच के बाद आखिर किसके खिलाफ कार्रवाई होती है और गरीबों के लिए बने इस भवन का वास्तविक उपयोग दोबारा शुरू हो पाता है या नहीं। नगर पालिका सीएमओ अभिताभ शर्मा ने बताया की जांच की जा रही है किसब्जी वाले भवन पर किसके कहने पर कब्जा किया या उनके द्वरा किराए पर लिया गया था। किराए का पैसा वह कहा जमा करता था।*

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी भवन में झीरम घाटी के अमर शहीदों की पुण्यतिथि को 'शहादत दिवस' के रूप में पूरी श्रद्धा, सम्मान और नम आंखों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं योगेंद्र शर्मा सहित सभी शहीद नेताओं व जवानों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि 25 मई का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला और दर्दनाक दिन है। इस दिन हमने अपने उन जांबाज नेताओं को खोया, जिन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी और यहां के लोगों के अधिकारों के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शहीदों के योगदान को रेखांकित करते हुए विशेष रूप से याद किया— शहीद नंदकुमार पटेल : अद्वितीय संगठन क्षमता। विद्याचरण शुक्ल : लंबा और प्रखर राजनीतिक अनुभव। महेंद्र कर्मा : बस्तर के हित और शांति के लिए कड़ा संघर्ष। उदय मुदलियार एवं योगेंद्र शर्मा : जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण। नेताओं ने कहा कि इन सभी विभूतियों और जवानों का यह सर्वोच्च बलिदान हमेशा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान अध्यक्ष खिलावन निषाद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग शहर, नेता प्रतिपक्ष शरद जीतू गुप्ता, पार्षद समीर सागीर गोरी, दीपक चंद्राकर, सादिक बेलिम, मनमोहन गुप्ता, डोमन धूरू, दिलीप कुर्रे, चंद्रहास साहू, संतन बंजारे, बिसेसर साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दौंदेकला में मनाया गया संत कबीर साहेब प्रकट उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम दौंदेकला में संत कबीर साहेब का प्रकट उत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन के दौरान पूरा गांव आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और कबीर साहेब के संदेशों का प्रचार करते हुए चल रहे थे, जिनका ग्रामीणों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद आयोजित भजन-सत्संग में कबीर



आश्रम डभरा से पधारे मुख्य अतिथि कन्हैया दास शास्त्री ने कबीर साहेब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया सत्य, मानवता और भाईचारे का मार्ग आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। इस दौरान कलाकारों ने कबीर वाणी की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन सात्विक यज्ञ, चौका-आरती और सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव नवल किशोर साहू, देवदास साहू और नंदलाल साहू सहित सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। इस सफल आध्यात्मिक आयोजन ने समाज में एकता और सद्भाव का संदेश प्रसारित किया।

# झीरम घाटी हमले में शहीद कांग्रेस नेताओं को दी श्रद्धांजलि

**तिल्दा नेवरा।** सोमवार को तिल्दा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के द्वारा कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर झीरम घाटी नक्सली हमले की 13 वीं बरसी पर नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं और जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झीरम श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सल हमले में शहीद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल,महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा सहित अनेक नेतागण और सुरक्षा बलों के जवान शहीद हो गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस ने एक बार फिर झीरम कांड की जांच और न्याय का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने कहा कि झीरम घाटी की घटना को 13 साल बीत चुके हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने इस घटना को छत्तीसगढ़ की राजनीति और प्रदेश के इतिहास का एक काला अध्याय बताया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने गृहमंत्री के इस दावे पर भी टिप्पणी की कि नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब यह देखना होगा कि सरकार आत्मसमर्पण कर लौटे नक्सलियों के पुनर्वास, उनके रहने की व्यवस्था, बच्चों की शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए क्या कदम उठाती है। आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा,मोती हिंदूजा, नीरज राठी, गोवर्धन यदु, सोनू मारखंडे, मुरली मनोहर वर्मा, दिलीप देवांगन,श्याम वाधवा, लाला शर्मा, दानी राम साहू, नवीन अग्रवाल, आदि कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बैरिकेड्स तोड़कर किया एसडीएम दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के मार्गदर्शन में जनहित की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय घेराव किया गया। धरना प्रदर्शन का मंचीय कार्यक्रम तहसील कार्यालय के समीप आयोजित हुआ। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रैली ने पुलिस बैरिकेटिंग तोड़ क र एसडीएम कार्यालय का घेराव किया तथा महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनसमस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं विकलांग पेंशन की लंबित राशि एकमुश्त जारी करने, अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या दूर करने, ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के विकास कार्यों हेतु वित्तीय आवंटन में भेदभाव





समाप्त करने तथा अभनपुर नगर में गैस सिलेंडर रिफिलिंग व आपूर्ति 25 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। किसानों को समय पर खाद-बीज नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल आश्वासन दिया जा रहा है तथा हजारों हितग्राहियों को कई महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के लिए होने वाले वित्तीय आवंटन में पक्षपात किया जा रहा है, जिससे आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, विद्याभूषण सोनवानी, रामा यादव, गिरधारी साहू, उत्रसेन गहिरवारे, बलविंदर गांधी, लोकमणि कोसले, ब्रम्हानंद ठाकुर, चंद्रहास साहू, डामन साहू, शशिप्रकाश साहू, अरुणा शुक्ला, नीमा निंबेकर, शीला कडरा,धनेश्वरी डाडे, दिनेश अंबिलकर, नीलकमल गिलहरे, बीरेंद्र सिन्हा, पार्थ वैष्णव, हिम्मत सिंह, सोनजीत ध्रुव एवं ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ड्रोन सर्वे से संपत्तिकर निर्धारण में पारदर्शिता, लगे क्यूआर कोड प्लेट

# ड्रोन सर्वे से हुए संपत्तिकर निर्धारण में त्रुटि पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा वर्ष 2025 में राज्य शासन के निर्देश पर ड्रोन सर्वे के माध्यम से शहर के सभी भवनों का संपत्तिकर निर्धारण किया गया था। आधुनिक डिजिटल तकनीक से हुए इस सर्वे के आधार पर भवनों पर नए सिरे से टैक्स निर्धारित किया गया और प्रत्येक भवन में क्यूआर कोड युक्त प्लेट भी लगाए गए हैं। हालांकि, एक वर्ष बीतने के बाद अब कई भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के क्षेत्रफल एवं कर निर्धारण में भिन्नता की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

वहीं विकसित कॉलोनियों के कई भवन स्वामियों द्वारा अब तक नगर पालिका में संपत्तिकर निर्धारण नहीं कराए जाने की बात भी सामने आई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी





डॉ. अमिताभ शर्मा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अब संपत्तिकर निर्धारण और भुगतान पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक को अपने भवन के क्षेत्रफल या कर निर्धारण में त्रुटि लगती है तो वे तत्काल नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर रिकॉर्ड की जांच करवा सकते हैं। साथ ही जिन कॉलोनी क्षेत्रों में अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है, वहां विशेष शिविर लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

### डिजिटल रिकॉर्ड में सुधार के लिए पालिका दफ्तर में जांच शुरू

*पार्षद रानी सौरभ जैन ने भी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि संपत्तिकर नगर विकास की नींव है और सभी भवन स्वामी शिविर में पहुंचकर अपने भवन की सही जानकारी दर्ज कराएं। उन्होंने खासकर नई कॉलोनियों के रहवासियों से पंजीयन कराने की अपील की ताकि कोई भी भवन कर निर्धारण से वंचित न रहे। नगर पालिका द्वारा जल्द ही कॉलोनी क्षेत्रों में विशेष शिविरों की तिथि घोषित की जाएगी। नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने भवनों का डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट कराने की अपील की गई है।*

# नियत तिथि के 15 दिन पहले ही रबी सरसों के समर्थन मूल्य पर खरीदी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रबी सीजन 2026-27 की नयी दलहनी-तिलहनी फसल को बीते 01 मार्च से आसन्न 31 मई तक समर्थन मूल्य पर खरीदने घोषणा के 15 दिन पहले ही तिलहनी फसल सरसों की खरीदी शासन ने बंद कर दी है। बीते 16 मई से संबंधित पोर्टल बंद कर दिये जाने के कारण किसान भटक रहे हैं। बीते दिनों आरंग विकास खंड के ग्राम सिवनी में आयोजित सुशासन तिहार में ग्राम कुंडा के 6 किसानों ने इसकी शिकायत भी दर्ज करायी है पर पोर्टल अभी तक खोला नहीं गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्य सचिव विकासशील व सी एम सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से प्रेषित ज्ञापन में यह जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सरसों उत्पादक किसानों के हित में आसन्न 30 मई तक खरीदी हेतु पुनः पोर्टल खुलवाने का आग्रह किया है। ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि भारत सरकार की समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत रबी सीजन 2026-27 की नई फसल चना, मसूर व सरसों को घोषित समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा करते हुये खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया था। इसके प्रचार - प्रसार के लिये जारी विभागीय पोस्टर में इसकी खरीदी के लिये 01 मार्च से 30 मई निर्धारित होने की भी जानकारी पोस्टर में दी गयी थी।

# राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण, पुराने दस्तावेज किए जाएंगे नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजस्व विभाग में किसी जमाने में एक-एक दस्तावेज जो बेहद महत्वपूर्ण हुआ करते थे, और उन्हें पूरी सावधानी और सुरक्षा के बीच रखा जाता था, लेकिन समय बीतने के साथ ही अब वे सारे कागजात बेकार हो गए हैं। सरकार ने राजस्व से संबंधित दस्तावेज का डिजिटलीकरण कर दिया है। यानी उनकी साफ्ट कापी बना ली गई है। ऐसे सभी दस्तावेज की उम्र अब पूरी हो गई है।

सरकार खुद इन्हें नष्ट करेगी। राज्य सरकार ने आम नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएँ देने के उद्देश्य से राजस्व एवं भू-अभिलेखों के व्यापक डिजिटलीकरण का निर्णय लिया है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस दिशा में एक आदेश जारी करते हुए सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों को तीन महीने के भीतर इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है।

## पुराने हो चुके दस्तावेज होंगे नष्ट

विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जिन दस्तावेजों की निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो चुकी है, उन्हें चिन्हित कर नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। शासन का मानना है कि इन पुराने और अनावश्यक दस्तावेजों को हटाने से न केवल कार्यालयों में स्थान बचेगा, बल्कि डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में आने वाला अतिरिक्त खर्च भी कम होगा।

- कमिश्नरों-कलेक्टरों को निर्देश 3 माह में पूरा करें ये काम
- नए बने जिलों में पुराने जिलों से भेजे जाएंगे दस्तावेज

## डिजिटलीकरण पर शासन का जोर

राजस्व विभाग के सचिव शम्मी आबिदी द्वारा जारी इस आदेश में डिजिटलीकरण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने यहां स्कैन किए जाने वाले अभिलेखों का प्रकार, उनकी कुल संख्या, आकार और अनुमानित पृष्ठों की संख्या का विवरण एक निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से साझा करें। इस पूरी प्रक्रिया पर राज्य स्तर से निरंतर निगरानी रखी जाएगी ताकि राजस्व सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा सके।



## नष्टीकरण होगा इन नियमों के तहत

*किसी भी प्रकार के वाद, अपील, पुनरीक्षण या न्यायालयीन कार्यवाही में लंबित दस्तावेजों को नष्टीकरण से सुरक्षित रखा जाएगा। प्रत्येक नष्टीकरण के मामले में विधिवत पंचनामा तैयार कर उसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जाना अनिवार्य है। विभाग का मानना है कि अक्सर देखने में आता है कि नए जिलों के गठन के बाद भी पुराने राजस्व अभिलेख संबंधित पुराने जिलों के अभिलेखागार में ही रह गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन अभिलेखों को तत्काल उनके वर्तमान जिलों में स्थानांतरित किया जाए। वर्तमान जिलों में ही इन दस्तावेजों की स्कैनिंग का कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए।*

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट आज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। मंत्रालय में यह बैठक शाम 6 बजे आयोजित होगी। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे से लौटते ही अचानक बुलाई गई इस बैठक को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि सरकार की ओर से बैठक का अधिकारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार अभियान के तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न जनहित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा आम लोगों को राहत देने वाले कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के चुनाव संचालन कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ आर्म एक्ट के तहत फर्जी एफआईआर कर चुनाव कार्य को प्रभावित करने का प्रयास स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसकी शिकायत को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश चुनाव आयोग से मिला तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत आम-निर्वाचन में भाजपा के नेता सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनैतिक दबाव बनाकर कांग्रेस के चुनाव संचालन कर रहे कांग्रेस महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ फर्जी एफआईआर कर चुनाव कार्य को प्रभावित करने का प्रयास स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रकरण पर कार्यवाही हेतु सूरजपुर जिले के विश्रामपुर थाने का घेराव कर अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे हैं।

### नए वन बल प्रमुख के लिए डीपीसी

**रायपुर।** प्रदेश में नए वन बल प्रमुख के लिए सोमवार को डीपीसी की बैठक हुई। वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह नए वन बल प्रमुख के लिए डीपीसी हुई। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव विकासशील, एसीएस मनोज पिंगुआ और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मध्यप्रदेश के वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन शामिल थे। बताया गया कि तीन पीसीसीएफ अनिल साहू, कौशलेंद्र कुमार, और पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) अरूण पाण्डेय के नाम पर विचार किया गया। अरुण पाण्डेय और कौशलेंद्र कुमार के नाम का पैनल तैयार किया गया है, इस पर फैसला मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। श्रीनिवास राव के साथ 1989 बैच के पीसीसीएफ तपेश झा भी 31 मई को सेवानिवृत हो रहे हैं। वैसे वरिष्ठता क्रम में अनिल साहू सबसे आगे हैं, लेकिन वो जुलाई माह में सेवानिवृत हो रहे हैं। ऐसे में अरुण पाण्डेय के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा एपीसीएफ ओपी यादव भी पीसीसीएफ के पद पर रिटायर होंगे। पदोन्नति के बाद जल्द ही पीसीसीएफ और एपीसीएफ स्तर के अफसरों के प्रभार बदले जा सकते हैं।

## पहले चरण में सभी संभागों के निकाय शामिल

# छत्तीसगढ़ में अब आदर्श शहर समृद्धि योजना पहले चरण में 32 शहरों का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' शुरू की है। इस योजना के पहले चरण के लिए राज्य के 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया है। इनमें सभी संभागों के तहत आने वाले नगरीय निकाय शामिल है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

योजना के तहत मुख्य रूप से इन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बुनियादी सुविधाएं- सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना। सामाजिक बुनियादी ढांचा-पार्क, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना। स्मार्ट और सुरक्षित शहर- ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, सुरक्षा प्रणाली और शिकायत निवारण तंत्र को लागू करना। सतत विकास- हरित क्षेत्रों का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग और जल संरक्षण के कार्य करना।

## छोटे निकायों के नगरों की बदलेगी सूरत

### पहले चरण में शामिल शहर

*योजना के तहत चयनित 32 निकायों को पांचों संभागों में बांटा गया है। बस्तर संभाग (6 निकाय) सुकमा, भोपालपट्टनम, गीदम, केशकाल, पखांजूर, और नरहरपुर। दुर्ग संभाग (5 निकाय) पंडरिया, खैरागढ़, गुरूर, घुमका, और छुईखदान ।रायपुर संभाग (6 निकाय) कुरुद, महासमुंद, आरंग, बलौदाबाजार, पिथौरा, और चंदखुरी ।बिलासपुर संभाग (9 निकाय) तखतपुर, मुंगेली, लोरमी, जांजगीर-नैला, सक्ती, बिल्हा, घरघोड़ा, पुसौर, और सरिया। सरगुजा संभाग (6 निकाय) सूरजपुर, पत्थलगांव, मनेन्द्रगढ़, लखनपुर, कोतबा, और कुनकुरी । शासन की ओर से इस योजना को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसका उद्देश्य भविष्य में इन शहरों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है।*



**छोटे शहर भी होंगे बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्तः साय**
इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि - हमारी सुशासन सरकार बड़े शहरों के साथ-साथ उभरते नगरों और कस्बों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना, जन सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार छोटे शहरों को भी बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा यह योजना प्रदेश के शहरी विकास को नई गति और नई दिशा देने का काम करेगी।

**उपमुख्यमंत्री साव ने कही ये बात :** उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कहा है कि - आदर्श शहर समृद्धि योजना राज्य के छोटे और मध्यम शहरों के व्यवस्थित विकास की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, स्मार्ट सुविधाओं, हरित क्षेत्र और नागरिक सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यों के चयन के लिए संभाग स्तरीय समितियों का गठन कर प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणाम मुखी बनाया गया है तथा सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर नगर में नागरिकों को बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### 15 दिनों में मांगी गई कार्ययोजना

*योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक संभाग में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। इन समितियों में संयुक्त संचालक (अध्यक्ष), कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता (सदस्य) के साथ-साथ संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सदस्य-सचिव) शामिल होंगे। इन समितियों को ये निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जैसे अध्यक्ष और पार्षदों से समन्वय स्थापित करना । शहरों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन करना और स्थल का निरीक्षण करना ।कार्य की प्राथमिकता तय कर, अनुमानित राशि के साथ सूची 15 दिनों के भीतर विभाग को सौंपना । इस पूरी प्रक्रिया के बेहतर समन्वय के लिए मुख्य अभियंता, संचालनालय यांत्रिकी प्रकोष्ठ' को नोडल अधिकारी बनाया गया है।*

# नगरीय निकायों में 240 एवं पंचायतों में 392 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में चल रहे नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन के लिए नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार नगरीय निकायों में कुल 240 तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों में कुल 392 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर हैं।

- मतदान की तैयारियां पूर्ण

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पंच पद के लिए कुल 1136 पद निर्धारित थे, जिनमें 385 पदों पर कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ तथा 4 पदों पर नामांकन निरस्त किए गए। 640 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है, जबकि शेष 107 पदों पर मतदान कराया जाएगा, जिनके लिए कुल 246 उम्मीदवार मैदान में हैं। सरपंच पद के लिए कुल 82 पदों में से 30 पदों पर नामांकन प्राप्त नहीं हुए तथा 3 नामांकन निरस्त हुए। 15 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है और शेष 34 पदों पर मतदान होगा, जहां कुल 105 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार जनपद सदस्य के 10 पदों पर सभी स्थानों पर सविरोध निर्वाचन होगा तथा इन पदों के लिए कुल 41 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**निकायों में ईवीएम और पंचायतों में बैलेट बाक्स से चुनाव :** *छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा राजपूत तिवारी ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपेटी के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे। मतदान मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच 29 मई से प्रारंभ की जाएगी, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।*

### जिला अध्यक्ष के 5 और पार्षद के 71 के लिए मतदान

नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत पार्षद पद के कुल 71 स्थानों पर मतदान कराया जाएगा। इन पदों के लिए कुल 221 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अध्यक्ष पद के 5 स्थानों पर भी निर्वाचन होगा, जिनके लिए कुल 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इन पदों पर न तो कोई नामांकन निरस्त हुआ और न ही कोई निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है।

# 1 जून से कलेक्टर्स रोजाना देंगे रिपोर्ट संवेदनशील क्षेत्रों और बड़े बांधों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आगामी मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। राहत शिविरों के प्रबंधन से लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं पर व्यापक रणनीति तैयार की गई।

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टर्स एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्षों को मानसून के मद्देनजर सुरक्षा और राहत व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। सभी कलेक्टर्स को आगामी 1 जून से प्रतिदिन वर्षा की स्थिति और संभावित क्षति की जानकारी अनिवार्य रूप से शासन को भेजनी होगी। प्रत्येक जिले में बाढ़ नियंत्रण के लिए विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं।

### राज्य और जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में जून माह में मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। आपदा के समय त्वरित सहायता और समन्वय के लिए राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में भी जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा चुके हैं। पहुंचविहीन और संवेदनशील क्षेत्रों में राशन, नमक, केरोसिन और जीवन रक्षक दवाओं का अग्रिम भंडारण अभी से सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए विशेष चिकित्सा दलों का गठन किया जाए।

## मानसून पूर्व तैयारियां तेज, मुख्य सचिव ने ली बाढ़ नियंत्रण हाई पावर कमेटी की बैठक



**जल संसाधन, नगर सेना और नागरिक सुरक्षा**
हर साल बाढ़ से प्रभावित होने वाले निचले इलाकों की पहचान कर वहां चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए। बाढ़ से बचाव के उपकरणों और मोटरबोट्स की तत्काल मरम्मत करा ली जाए। नगर सेना और नागरिक सुरक्षा अमले को अलर्ट रहने कहा गया है।

**कृषि विभाग और मौसम केंद्र**
मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी भारी वर्षा की चेतावनियों को समय पर जिला कंट्रोल रूम और आम जनता तक पहुँचाया जाए। किसानों को मोबाइल ऐप्स के माध्यम से मौसम का पूर्वानुमान भेजा जाए। बाढ़ से फसलों को होने वाले नुकसान का सर्वे राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से करेंगे और त्वरित रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।

**ब्लैक स्पॉट की हो नियमित मॉनिटरिंग :** उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी समुचित और ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सड़क दुर्घटनाओं के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और वहां आवश्यक सुधार कार्य तत्काल किए जाएं।

# झीरम घाटी के अमर शहीदों को 11 ब्लॉकों में श्रद्धांजलि, संगोष्ठियों का आयोजन

**नेताओं के योगदान को किया गया याद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि झीरम घाटी के अमर शहीद नेताओं स्व. नंदकुमार पटेल, स्व. विद्याचरण शुक्ल, स्व. महेंद्र कर्मा, स्व. उदय मुदलियार, स्व. योगेंद्र शर्मा सहित सभी शहीद कांग्रेसियों को रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के सभी 11 ब्लॉकों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठियों का आयोजन कर उनके संघर्ष, बलिदान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में दिए गए योगदान को याद किया गया। धरसींवा में आयोजित



श्रद्धांजलि सभा में शहीद योगेंद्र शर्मा की धर्मपत्नी एवं धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, धरसींवा के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, झीरम घाटी के शहीद नेताओं ने लोकतंत्र, सामाजिक न्याय एवं जनाधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद नेताओं के बताए मार्ग पर चलने एवं जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का प्रण लिया।

### बैज ने कहा-भाजपा नहीं चाहती झीरम का सच सामने आये, कश्यप बोले- कांग्रेस कर रही राजनीति

झीरम कांड की बरसी पर कांग्रेस ने अपने शहीद नेताओं का स्मरण करते हुए अनेकों सवाल खड़ा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, झीरम घाटी कांड एक ऐसा कांड था जिसने कांग्रेस के नेतृत्व की एक पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर दिया था। स्वतंत्र भारत में हुई दुर्दान्त और हृदय विदारक घटना भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में डॉ. रमन सिंह के राज में घटित हुई थी इसके गुनाहगारों को सजा जरूर मिलनी चाहिये। झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को लेकर कांग्रेस द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस एक बार फिर शहीद नेताओं की संवेदनाओं का राजनीतिक दोहन कर रही है। उन्होंने कहा, भाजपा डरती है झीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी। एक साथ विपक्ष के 32 नेताओं की हत्या हो गयी और तत्कालीन सरकार सच सामने आने देने से रोकने में पूरी ताकत लगा रखी थी।

### झीरम नरसंहार की सच्चाई सामने लाने में सरकार की विफलता चिंताजनकः धनेंद्र

झीरम घाटी कांड की 13वीं बरसी के मौके पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि झीरम घाटी की घटना को 13 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक इस जघन्य नरसंहार की पूरी सच्चाई देश और प्रदेश की जनता के सामने नहीं आ पाई है। यह घटना न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश के राजनीतिक इतिहास की सबसे बड़ी और दुखद नक्सली घटनाओं में से एक थी। इतने वर्षों के बाद भी विभिन्न जांच एजेंसियां, चाहे एनआईए, सीबीआई अथवा अन्य पुलिस एजेंसियां हों, इस मामले की वास्तविकता और इसके पीछे की पूरी साजिश का खुलासा नहीं कर सकीं। यह स्थिति पूरे तंत्र और जांच व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। एक बयान में श्री साहू ने कहा है कि इस प्रकार की दुखद और अमानवीय घटना पर भाजपा के नेताओं को भी एकजुटता का परिचय देकर इसकी निंदा करनी चाहिए।

## सालभर पहले आई थी पहली सूची, दूसरी सूची का लंबे समय से इंतजार

# निगम, मंडल, आयोग के बचे पदों के लिए अभी और इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों के लिए भाजपा नेताओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहली सूची बीते साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी।

पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और पूरा साल ही निकल गया। अब तो इंतजार और लंबा होने की संभावना है, क्योंकि अभी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की कार्यकारिणी का पहले ऐलान होना है। इसमें भी प्रदेश के कुछ नेताओं को स्थान मिलेगा। इसी के साथ प्रदेश को भाजपा का नया प्रदेश प्रभारी मिलेगा। नए प्रदेश प्रभारी के साथ चर्चा के बाद ही बचे पदों पर नियुक्ति की संभावना है। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इनका इंतजार अभी समाप्त होता नजर नहीं आ रहा है। जानकारों का कहना है कि फिलहाल नियुक्तियों की संभावना कम है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें लघु वनोपज सहकारी संघ, वित्त आयोग, केस शिल्प बोर्ड, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर अब तक इंतजार हो रहा है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

*प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद बीते साल विस्तार हो चुका है। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिव पद पर हैं। प्रदेश सरकार का करीब ढाई साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, पर अब तक संसदीय सचिवों के नाम भी फाइनल नहीं हो सके हैं। इसके लिए भी अभी और इंतजार करना होगा।*

# ई-चालान को लेकर अधिवक्ताओं ने कमिश्नर-डीजीपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ई-चालान प्रणाली को लेकर जनता और वाहन चालकों के बीच खासा विरोध और नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में रायपुर के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रायपुर कमिश्नर व डीजीपी से शिकायत की है कि ई-चालान की प्रक्रिया में जो खामियां और त्रुटियां हैं, उसे सुधारा जाए, आम जनता खासी परेशान हो रही है और यदि संभव हो तो ई-चालान की राशि में भी कटौती की जाए। शिकायतकर्ता अधिवक्ता विवेक तनवानी ने बताया कि रायपुर शहर में गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर तबके के लोग और नौकरीपेशा रहते हैं, जिनकी आमदनी दस-बीस हजार रुपए



महीने है। वे भला कैसे पांच-दस हजार रुपए के चालान भर सकेंगे? शासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे मामलों में भी प्रशासन को सुधार की आवश्यकता है, जितनी भी शराब दुकानें, भट्ठियां और बार हैं, इनके बाहर एक सूचना बोर्ड लगाना अति आवश्यक है, जिसमें इस जानकारी का उल्लेख हो कि शराब पीकर वाहन चलाए जाने की जांच के बाद पाए जाने पर न्यूनतम 10 हजार का जुर्माना-दंड शासन द्वारा वसूला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम को बकरीद की छुट्टी 28 मई करने संबंधी ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में केंद्र सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी बकरीद (ईद-उल-अजहा) की शासकीय छुट्टी 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 गुरुवार को घोषित करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने चांद दिखने की प्रामाणिक स्थिति को देखते हुए बकरीद की आधिकारिक छुट्टी 28 मई को घोषित कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी त्योहार चांद के दीदार के अनुसार ही मनाया जाता है, इसलिए राज्य के शासकीय कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को भी अवकाश तालिका में संशोधन करना चाहिए। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन बकरीद (ईद-उल-अजहा) का शासकीय अवकाश 27 मई के बजाय 28 मई 2026 को घोषित करें।

## निधन

### नंदलाल लूलिया



**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी नंदलाल लूलिया का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपक, प्रकाश लूलिया के पिता, बंसीलाल, मोहनलाल लूलिया के भाई थे।

### भास्कर प्रसाद पाण्डेय




**रायपुर।** राजीव नगर निवासी भास्कर प्रसाद पाण्डेय (79) का 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 मई को किया गया। वे अविनाश पांडेय के पिता थे।

### गोविंद प्रसाद अग्रवाल



**रायपुर।** राधाकृष्ण मंदिर के सामने, समता कॉलोनी निवास गोविंद प्रसाद अग्रवाल (करगीरोड वाले) का 25 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे आनंद अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल के पिता थे।

### शिवकुमार यादव



**रायपुर।** ग्राम तर्रा (दोंदेकला) निवासी शिवकुमार यादव (65) का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

### द्वारका दास बागड़ी



**रायपुर।** रायपुर निवासी द्वारका दास बागड़ी (75) का 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे उमा बागड़ी के पति और अविनाश बागड़ी, पूनम माहेश्वरी, श्रद्धा सारडा के पिता थे।

### पार्वती देवी माधवानी



**रायपुर।** एकता नगर गुढ़ियारी, महतारी चौक निवासी पार्वती देवी माधवानी (95) का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 मई को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे केवलराम माधवानी और अजीत माधवानी की माता थीं।

# भनपुरी में नई पानी टंकी के बाद भी 2 वार्डों के आधा दर्जन रहवासी इलाकों में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- धनलक्ष्मीनगर, रामेश्वर नगर, शिवमंदिर सड़क की वाल्व लगाने खुदाई, गड्ढा करके छोड़ दिया

नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड के आधा दर्जन रहवासी इलाकों में भीषण गर्मी में लोग पेयजल संकट से परेशान हैं। भनपुरी के विजय नगर, बुनियाद नगर, बंधवा तालाब सतनामी पारा बस्ती के साथ बंजारी माता वार्ड के रामेश्वर नगर कमल चौक, केबिनपारा में लोगों के घरों में लगाए गए नलों से पानी नहीं आ रहा। वहीं रहवासी इलाकों के बोरवेल सूख गए हैं। इससे प्रभावित इलाके के रहवासियों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है, जबकि भनपुरी में दो साल पहले 33 लाख किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी बनाई गई, नई पाइप लाइन बिछाई गई, इसके बाद भी यह क्षेत्र टैंकर मुक्त नहीं हो सका। टैंकर के इंतजार में भरी दोपहरी में लोगों को तपती धूप में खड़ा रहना पड़ता है।

जल विभाग के पूर्व अध्यक्ष और बंजारी माता वार्ड के पूर्व पार्षद नागभूषण राव का कहना है अपने कार्यकाल में हमने इन वार्डों को पूरी तरह टैंकर मुक्त कराया था, पर आज स्थिति ये है कि दोनों वार्डों में लोगों की प्यास बुझाने पानी टैंकर मंगाने की नौबत आ रही है।

## विजयनगर, बुनियाद नगर, बंधवा तालाब सतनामी पारा बस्ती में पेयजल समस्या

### भरी दोपहरी में टैंकर से पानी भरने जुटते हैं लोग

जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड के विजयनगर, बुनियाद नगर, बंजारी माता वार्ड के केबिनपारा, रामेश्वर नगर, धनलक्ष्मीनगर में भनपुरी पानी टंकी से पानी आता है, नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी यहां पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। प्रभावित इलाके की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग नगर निगम का पानी टैंकर आते ही बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने उमड़ पड़ते हैं, भरी दोपहरी में यह स्थिति देखी जा सकती है। नई पानी टंकी और नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पेयजल समस्या का समाधान निगम प्रशासन अब तक नहीं कर पाया है। लोगों का कहना है कि नगर निगम उनसे हर साल जलकर और संपत्तिकर वसूलता है पर पानी की व्यवस्था करने में नाकाम रहा है। वार्ड वासियों ने इसकी शिकायत जोन 1 कमिश्नरी और निगम मुख्यालय में भी की है, पर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।




### वाल्व लगाने सड़क की खुदाई, काम अधूरा



भनपुरी के धनलक्ष्मी नगर, रामेश्वर नगर शिवमंदिर के पास वाली सड़क को नगर निगम वालों ने वाल्व लगाने के काम पर खुदाई कर वहां गड्ढा करके छोड़ दिया है। काम अधूरा होने से इस मार्ग में आने-जाने वाले लोगों को गड्ढे में गिरने का भय बना रहता है। सड़क खुदाई कर वहां मिट्टी के ढेर खुले में छोड़ने से दुर्घटना होने का खतरा है।

# वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच गैस एजेंसियों की मनमानी, नहीं कर रहे होम डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच जहां राजधानी रायपुर में एलपीजी का संकट बना हुआ है, जिससे घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए बुकिंग कराने के लिए 25 से 45 दिनों का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं मिल पा रही है। भरा सिलेंडर लेने के लिए उन्हें इस भीषण गर्मी में गैस एजेंसियों के दफ्तर-गोदाम तक खाली सिलेंडर लेकर पहुंचना पड़ रहा है। जानकर हैरानी होगी कि उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी उनकी किसी गलती के कारण नहीं, बल्कि गैस एजेंसियों की मनमानी के कारण नहीं मिल पा रही है।

हरिभूमि ने सोमवार को शहर की कुछ गैस एजेंसियों की लाइव रिपोर्टिंग की। इस दौरान इन एजेंसियों के दफ्तर के बाहर एवं कुछ दूर में बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों के वितरण का कार्य चल रहा था। इनमें पुजारी पार्क से टैगोर नगर जाने वाले रास्ते में इंडेन गणपति गैस एजेंसी के बाहर जहां कई लोग बुकिंग और गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे थे, वहीं पुजारी पार्क के बगल में खाली जगह पर कंपनी से गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक को खड़ा कर यहां उपभोक्ताओं को भरे सिलेंडरों की डिलीवरी दी जा रही थी। बदले में उपभोक्ता से खाली सिलेंडर भी लिए जा रहे हैं। इन उपभोक्ताओं से जब हरिभूमि ने बातचीत की तो पता चला कि इन सभी उपभोक्ताओं ने पहले ही बुकिंग करा ली थी। इनमें कोई 30 दिन पहले, किसी ने 35 तो किसी को बुकिंग कराए 40 दिन भी हो चुके हैं।

***इस तरह के बहाने बनाए जा रहे :*** होम डिलीवरी नहीं करना पड़े, इसके लिए एजेंसी द्वारा वाहन कम है, चालक नहीं आया, इलाके में कुछ दिनों के बाद गाड़ी जाएगी। एक हफ्ते का समय लग सकता है। बुकिंग कराने के बाद डिलीवरी अगर सप्ताहभर में नहीं लेंगे, तो बुकिंग रद्द हो जाएगी जैसे तरह-तरह के बहाने बनाकर उपभोक्ता को एजेंसी-गोदाम में आकर सिलेंडर ले जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।



**केस 1**

फुंडहर निवासी मोहनलाल नेताम ने बताया कि गैस कार्ड उसके नाम पर है। वह फुंडहर में रहता है। कामकाज के कारण इतना व्यस्त रहता है कि गैस रीफिलिंग के लिए उसने घर पहुंच सेवा शुरू कराई हुई है। 25 दिन के बाद उसने दूसरी बुकिंग कराई है, लेकिन एक हफ्ते बाद भी जब सिलेंडर घर नहीं पहुंचा तो दफ्तर में आकर पता किया। यहां आकर पता चला कि और कुछ दिन डिलीवरी नहीं लेंगे, तो बुकिंग निरस्त हो जाएगी। मजबूरी में भीषण गर्मी में खाली सिलेंडर लेकर उसे यहां आना पड़ा।

**केस 2**

टैगोर निवासी उर्मिला साहू एवं उनके पति ने बताया कि 25 दिन के बाद बुकिंग कराए 30 दिन हो चुके हैं, लेकिन होम डिलीवरी नहीं की गई। एजेंसी के दफ्तर में आकर पूछा तो बताया कि होम डिलीवरी होना मुश्किल है, इसलिए यहीं आकर सिलेंडर ले जाएं।

**केस 3**

पुलिस लाइन निवासी शोक सिंह ने बताया कि गाइड लाइन के अनुसार 25 दिन के बाद होम डिलीवरी के लिए ऑनलाइन बुकिंग की थी। बुकिंग कराने कुछ दिनों के बाद 20 मई को उसके मोबाइल पर डीएससी की सूचना भी आ गई, लेकिन इसके चार दिन के बाद भी सिलेंडर घर नहीं पहुंचा। एक दिन पूर्व शाम को एजेंसी में पता किया, तब बताया गया कि सिलेंडर लेने के लिए यहां आना होगा।

**पेट्रोल-डीजल का खर्च बचाने नहीं कर रहे होम डिलीवरी**

गणपति सहित अन्य कई गैस एजेंसियां हैं, जिन्होंने पेट्रोल-डीजल का खर्च बचाने के लिए होम डिलीवरी करना कम कर दिया है। इसके कारण उपभोक्ता जहां होम डिलीवरी की जगह भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में अपना काम छोड़कर सिलेंडर लेने जाने लिए विवश हो रहे हैं, वहीं दूसरी और होम डिलीवरी नहीं किए जाने के कारण उपभोक्ताओं को जो सिलेंडर बुकिंग कराने के बाद 2 से 3 दिन के भीतर मिलना चाहिए, वह अब 10 से 15 दिनों के बाद मिल पा रहा है।

**गड़बड़ी पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई**

इस तरह की शिकायतें अभी आई नहीं हैं, लेकिन गैस एजेंसियों की जांच की जाएगी। जांच में इस तरह की गड़बड़ी पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# गांजा तस्करी, मारपीट के बाद लड़कियां दोपहिया चोरी में हाथ आजमा रहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- दोपहिया चोरी के आरोप में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने एक युवती को किया गिरफ्तार

लड़कियां हर मुकाम पर आज पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। इसी कड़ी में लड़कियां अपराध में भी अब पुरुषों को चुनौती देने लगी हैं। रायपुर में बदमाश लड़कियां गैंग बनाकर अपराध करने के साथ गांजा तस्करी, मारपीट सहित कई संगीन अपराध कर रही हैं। पुलिस रिकार्ड में पहली बार किसी लड़की का नाम दोपहिया चोरी में सामने आया है। पुलिस ने खम्हारडीह की एक युवती को दोपहिया चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दोपहिया जब्त की है।

दोपहिया चोरी के आरोप में पुलिस ने संगीता निहाल को गिरफ्तार किया है। चार दिन पूर्व वीआईपी चौक, श्रीराम मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी विजय कुमार हेमानी ने स्कूटर चोरी की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विजय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 मई को दोपहर दो बजे अपने घर आया और घर के बाहर गाड़ी पार्क कर दिया। शाम साढ़े चार बजे कारोबारी ने देखा कि घर के पास से उसकी दोपहिया गायब है। अपने स्तर पर पतासाजी करने के बाद गाड़ी नहीं मिली, तब कारोबारी ने दोपहिया चोरी की थाने में शिकायत दर्ज कराई।



### मरीन ड्राइव के पास संदिग्ध हालत में घूमते पकड़ी गई

सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवती पुराना स्कूटर बेचने की फिराक में मरीन ड्राइव के पास घूम रही है। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने युवती को गाड़ी के दस्तावेज दिखाने कहा, तो लड़की पुलिस के पास दस्तावेज पेश नहीं कर पाई। थाने लाकर पूछताछ करने पर लड़की ने कारोबारी की स्कूटर चोरी करने का अपराध कबूल किया। पुलिस के अनुसार लड़की का पूर्व में कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। वह पहली बार दोपहिया चोरी के आरोप में पकड़ी गई है।

# पर्चा लीक का वीडियो वायरल, थाने पहुंचा रविवि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- लॉ की सेमेस्टर परीक्षाओं का मामला, 6-7 हजार में प्रश्नपत्र बेचने का लगाया था आरोप

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने थाने में शिकायत दर्ज कर उस वीडियो को फर्जी बताया है, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होने की बात कही जा रही थी। यह वीडियो एक इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर अपलोड किया गया था। आजाद चौक थाना एसीपी ईशु अग्रवाल के अनुसार, शुरुआती जांच में पर्चा लीक संबंधित दावे को फर्जी पाया है। रविवि ने सरस्वती नगर थाना प्रभारी को सौंपे गए अपने शिकायत पत्र में कहा है कि एक इंस्टाग्राम प्रोफाइल में विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा के प्रश्न-पत्र 6 हजार में मिल रहे हैं। रविवि का कहना है कि परीक्षा संबंधी मुद्दे पर संबंधित इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर गलत जानकारी देकर परीक्षार्थियों को भ्रमित किया गया। जिसके कारण परीक्षार्थियों के मध्य अपने भविष्य एवं परीक्षा को लेकर अनिश्चितता की उत्पन्न हुई है। इस प्रकार की गलत जानकारी का उद्देश्य विश्वविद्यालय में अशांति फैलाना, विश्वविद्यालय की छवि खराब करना एवं परीक्षार्थियों को आंदोलन के लिए प्रेरित करना है।

**यह है मामला**

रविवि में सेमेस्टर परीक्षाएं जारी हैं। रविवार देर रात खारुन टाइम्स नामक इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर यह दावा किया गया कि लॉ विषय के प्रश्नपत्र 5 से 6 हजार रुपए में बेचे जा रहे हैं। इसके लिए व्यक्ति विशेष से संपर्क करने और कुछ घंटों के अंतराल में ही प्रश्नपत्र उपलब्ध होने की बात कही गई। इसके अलावा फर्जी ऑडियो भी संबंधित प्रोफाइल में प्रसारित किया जा रहा था। रविवि ने इन्हें फर्जी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रबंधन ने ऑडियो को भी फेक बताया है। रविवि ने इसे छवि को बिगाड़ने वाला बताते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की है।

## पेज 11 के शेष ...

### सज गया सरोना स्टेशन...

फूट ओवरब्रिज तैयार किया गया है, जो भविष्य में लोगों को भीड़ से बचाएगा। इस पुनर्विकास कार्य की सबसे खास बात यह रही कि रेलवे ने विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की भी बेहतरीन मिसाल पेश की है। स्टेशन के निर्माण के दौरान 100 से अधिक पुराने पेड़ों को कटने से बचाया गया है। इनमें से एक पेड़ तो सीधे प्लेटफॉर्म के बीच मौजूद है, जो अब इस स्टेशन की खूबसूरती और विशिष्टता का मुख्य केंद्र बन गया है। इसके अलावा स्टेशन परिसर में तीन अन्य विशाल पेड़ों को भी सुरक्षित रखा गया है, जो अब यात्रियों को ठंडी प्राकृतिक छांव प्रदान कर रहे हैं।

***गार्डन और पेंटिंग से 'बेटी बचाओ' का संदेश :*** सरोना स्टेशन के प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफॉर्म तक की पूरी तस्वीर अब बदल चुकी है। स्टेशन में प्रवेश के लिए एक चौड़ी और सुव्यवस्थित सड़क तैयार कर ली गई है। यात्रियों के स्वागत के लिए मुख्य गेट के पास एक गार्डन विकसित किया गया है। टिकट काउंटर पर एलईडी टीवी स्क्रीन लगाई गई है, जिससे यात्रियों को ट्रेनों के आवागमन की लाइव और सटीक जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही, यात्रियों के लिए 24 घंटे ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। पूरा स्टेशन अब शेड से ढका रहेगा, जिससे धूप और बारिश में यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। रंग-रोगन के साथ ही स्टेशन की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है, जिसके जरिए 'बेटी बचाओ' का सामाजिक संदेश भी उकेरा गया है। ***छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों का 1680 करोड़ से हो रहा कायाकल्प :*** अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत छत्तीसगढ़ के कुल 32 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। इन सभी स्टेशनों के पुनर्विकास पर लगभग 1680 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इनमें से 5 प्रमुख स्टेशनों— डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर का लोकार्पण पहले ही किया जा चुका है।र्तमान में राज्य के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा और जगदलपुर, भाटापारा, तिल्दा-नेवरा, बिल्हा, बालोद, दल्ली राजहरा, हथबंद, मरोदा, मंदिर हसौद और निपानिया, चांपा, नैला-जांजगीर, अकलतरा, बाराद्वार, उसलापुर, पेंड्रारोड, बैकुंठपुर रोड और महासमुंद शामिल है।

***पहले और अब में इस तरह आया बदलाव :*** टिकट काउंटर की सुविधा: पहले स्टेशन पर सिर्फ एक ही टिकट काउंटर हुआ करता था। अब यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के दोनों तरफ टिकट काउंटर तैयार कर दिए गए हैं। ***प्लेटफॉर्म का विस्तार:*** पहले प्लेटफॉर्म काफी छोटे थे, जिससे ट्रेनों के ठहराव में दिक्कत होती थी। अब इनकी लंबाई इतनी बढ़ा दी गई है कि लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें भी यहां आसानी से खड़ी हो सकेंगी। ***बुनियादी ढांचे में सुधार:*** पहले पूरे स्टेशन पर सिर्फ एक साधारण शौचालय था। अब दोनों प्लेटफॉर्म पर आधुनिक शौचालय और सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हॉल बनाए गए हैं।

***हाई-टेक सुविधाएं:*** बुजुर्गों, मरीजों और दिव्यांग यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए छोटे स्टेशनों की श्रेणी में सरोना में पहली बार लिफ्ट की सुविधा शुरू की गई है।

***स्टेशन में यात्री सुविधाएं मिलेंगी :*** सरोना स्टेशन में जैसे-जैसे यात्री सुविधाएं विकसित हो रही है वैसे ही यात्री को यह सुविधाएं मिलने लगेगी। स्टेशन में यात्रियों के लिए सभी तरह की सुविधाएं दी गई है। 100 साल से पुराने पेड़ों को भी बचाया है।

*अवधेश कुमार त्रिवेदी*
*सीनियर डीसीएम*

### लोकार्पण से मिलेगी सभी...

नहीं करेगा, बल्कि अगले एक सप्ताह के भीतर ही सभी आधुनिक सुविधाएं आम यात्रियों के लिए खोल दी जाएंगी। इस प्रोजेक्ट ने सरोना स्टेशन की पुरानी तस्वीर को पूरी तरह से बदल दिया है। सरोना के बाद अब मंदिर हसौद का कार्य तेज से पूरा किया जाएगा।

### डायबिटिक की दवा का दुरुपयोग...

चिकित्सकीय परामर्श के विक्रय, संदिग्ध स्टॉक तथा अभिलेखों में विसंगतियों की विशेष रूप से जांच की गई। जांच टीम ने 19 होलसेल एवं 73 रिटेल दवा दुकानों का निरीक्षण किया। जांच में 03 फर्मों में दवा की खरीदी-बिक्री से संबंधित अनियमितताएं पाई गईं जिस पर उन्हें औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संबंधित फर्मों को भविष्य में समस्त क्रय-विक्रय अभिलेख संधारित रखने तथा औषधियों का विक्रय निर्धारित नियमों के अनुसार करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई है। ***पाचन तंत्र को करता है धीमा :*** ग्लूकागॉन-लाइक पेप्टाइड-1 समूह की दवा पाचनतंत्र को धीमा करता है जिससे ज्यादा समय तक भूख नहीं लगती। इसकी वजह लोग इसका दुरुपयोग वजन कम करने और पतला होने के लिए करते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक इसका ज्यादा उपयोग पैंक्रियाज पर विपरीत असर डालता है जो बाद में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। इस दवा के दुरुपयोग की शिकायतों के बाद बिना चिकित्सकीय पर्ची के बिक्री पर बैन लगाया गया है। ***कास्मेटिक सैंपलों की जांच का इंतजार:*** एफडीए ने अप्रैल के अंत से मई के दूसरे सप्ताह तक अभियान चलाया था। इस दौरान बड़ी मात्रा में कास्मेटिक सामग्रियों की जांच कर सैंपल प्रदेशभर में उठाए गए थे। इन सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा जा चुका है और आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। औषधि विभाग काफी समय से जांच के लिए सैंपल लेती है मगर उसकी रिपोर्ट मिलने तक काफी समय बीत जाता है और मामला ठंडा पड़ जाता है।

### सरोना से लाभांडी सर्विस रोड ...

के अधिकारियों ने बताया कि सरोना से लाभांडी तक सर्विस रोड के चौड़ीकरण के अनुमान को एनएचएआई मुख्यालय ने इस शर्त के साथ मंजूरी दे दी है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था को स्थानांतरित करने का काम पहले शुरू किया जाएगा। तदनुसार, पीआईयू ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को स्थानांतरित करने के काम के लिए पहली किस्त यानी 8.1 करोड़ रुपये के भुगतान की मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट का ड्राइंग डिजाइन बनकर तैयार है। बिजली के खंभे शिफ्ट होने के बाद एनएचएआई द्वारा सड़क निर्माण तेजी से शुरू किया जाएगा। यह काम अब बारिश के बाद ही शुरू होने का अनुमान है।

## बिजनेस साइट

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 'डायबिटिक फुट जांच शिविर' 29 मई को

**रायपुर।** भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 29 मई 2026 को विशेष 'डायबिटिक फुट जांच शिविर' आयोजित किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में डायबिटीज मरीजों के पैरों की संपूर्ण जांच निशुल्क की जाएगी, जिसकी सामान्य कीमत करीब 10 हजार रुपए है। शिविर का उद्देश्य डायबिटीज के कारण पैरों में होने वाली गंभीर समस्याओं की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में मरीजों के पैरों की नसों, ब्लड सर्कुलेशन, सेंसेशन टेस्ट और घावों की जांच आधुनिक मशीनों से की जाएगी। डॉक्टरों ने बताया कि लंबे समय से डायबिटीज, पैरों में झनझनाहट, सुन्नपन, सूजन, घाव या फंगल संक्रमण से पीड़ित मरीजों को तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर उपचार नहीं मिलने पर समस्या गैंगरीन का रूप ले सकती है। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। मरीजों से पुरानी रिपोर्ट और दवाइयों की पर्ची साथ लाने की अपील की गई है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा लाएगा 'हैकाथॉन 2026' डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा पर रहेगा फोकस

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गांधीनगर के सहयोग से 'हैकाथॉन 2026' शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के मार्गदर्शन में आयोजित पीएसबी हैकाथॉन सीरीज 2026 का हिस्सा है। बैंक ने अपने इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर के माध्यम से आईआईटी गांधीनगर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस हैकाथॉन का उद्देश्य वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु तकनीक आधारित नवाचार विकसित करने का मंच प्रदान करना है। इस वर्ष हैकाथॉन का मुख्य विषय 'आइडेंटिटी ट्रस्ट, प्रोटेक्शन एंड सेफ्टी' रखा गया है, जिसमें साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहल के तहत डिजिटल बैंकिंग को अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और ग्राहक-केंद्रित बनाने के लिए प्राइवेसी-फर्स्ट समाधान विकसित किए जाएंगे। चयनित टीमें फिनाले में बैंकिंग, तकनीक और शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित जूरी के समक्ष अपने समाधान प्रस्तुत करेंगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 19/05/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुशीलचंद पगारिया पिता/पति मांगीलाल पगारिया निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 851/3 रकबा 0.324 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 06/04/2026 के परिपालन में दिनांक 01/06/2026 को समय 02 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 भाठागांव, तह./ जिला रायपुर छ.ग.**

**आम-सूचना**

दिनांक 25/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गजराज पगारिया पिता मांगीलाल पगारिया निवासी ......... द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -13 स्थित भूमि खसरा नंबर 3/3 रकबा 2.8940 हेक्टेयर कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 2.8940 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20.05.2026 के परिपालन में दिनांक 05.06.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 60 के भाठागांव स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर - 13 भाठागांव**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, बेला राजेश वीरा पिता राजेश लखमशी वीरा, निवासी - 68/8 , वार्ड नं-2 , नेहरू नगर पश्चिम, भिलाई-490020, डिस्ट्रिक्ट - दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ लेती हूँ कि मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर अपना नाम बेला आदित्य शाह पिता राजेश लखमशी वीरा रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ों में मेरे नए नाम - बेला आदित्य शाह पिता राजेश लखमशी वीरा से ही पहचाना जाये।

**बेला आदित्य शाह**
68/8 , वार्ड नं-2, नेहरू नगर पश्चिम,
भिलाई-490020
डिस्ट्रिक्ट - दुर्ग (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब मनाएगा पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव



**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आगामी 30 मई को आयोजित किए जा रहे "पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव" की तैयारियों को लेकर रविवार को प्रेस क्लब परिसर में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने सर्वप्रथम प्रेस क्लब कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक ली। बैठक में कार्यकारिणी के नवनियुक्त सात सदस्यों के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के विशेष आमंत्रित संयोजक तथा सलाहकार सदस्य के रूप में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव भी उपस्थित रहे। कार्यकारिणी की बैठक के बाद "पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव" के सफल आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। कार्यक्रम का प्रथम सत्र शुभारंभ सत्र होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### जैन समाज ने निकाली शांति यात्रा, सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** रीवा मध्यप्रदेश में एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित आर्यिका 105 श्रुतमती माताजी और आर्यिका 105 उपशममती माताजी का सड़क किनारे पद विहार करते समय असमय देवलोक गमन हो गया। इस दुखद घटना से संपूर्ण जैन समाज में भारी आक्रोश है। ज्ञात हो कि जैन संत और साध्वी जीवनभर केवल पैदल ही विहार करते हैं। हादसे के विरोध में देशभर में जैन समाज द्वारा मौन शांति मार्च निकालकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

### देवेंद्र नगर एक्सप्रेस-वे पर खोले गए रास्ते का विरोध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने देवेन्द्र नगर में एक्सप्रेस-वे के मुख्य मार्ग पर रास्ता खोले जाने का विरोध करते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में महापौर एवं कलेक्टर ने सड़क को शीघ्र खोलने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। स्थिति यह है कि अब उस मार्ग पर कब्जाधारी बैठ चुके हैं, जिससे सड़क को जोड़ने का कार्य और कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 30 अक्टूबर 2017 को ही इस सड़क को छत्तीसगढ़ राज्य राजमार्ग अधिनियम के तहत एक्सप्रेस हाईवे घोषित कर दिया था, बाद में छत्तीसगढ़ रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2021 में पुनः स्पष्ट कर दिया कि इस सड़क पर निर्धारित स्थानों अर्थात इंटरचेंज से प्रवेश और निकास के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान से प्रवेश और निकास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यूनिसेफ दिल्ली टीम ने जिला अस्पताल पंडरी का किया भ्रमण

**रायपुर।** जिला अस्पताल पंडरी में बाल मधुमेह योजना के अंतर्गत संचालित सर्वोत्तम प्रथाएं के अवलोकन के लिए यूनिसेफ दिल्ली टीम द्वारा भ्रमण किया गया। यह भ्रमण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इसी दौरान जिला अस्पताल पंडरी के सिविल सर्जन डॉ. भेनुज कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति नारायण, एनसीडी क्लिनिक प्रभारी डॉ. प्रतिभा शर्मा एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोजरकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार एवं अस्पताल सलाहकार डॉ. मिथिलेश सोनबेर का सहयोग एवं समन्वय रहा। साथ ही यूनिसेफ से डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. श्वेताभ त्रिपाठी, नेशनल एनसीडी यूनिसेफ सलाहकार डॉ. सोना देशमुख एवं उनकी टीम भी उपस्थित रही।

# वापस किए जाएंगे अतिरिक्त पैसे, जिस अकाउंट से भुगतान रिफंड भी उसमें ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2021-22 परीक्षा सत्र को लेकर कक्षा 12वीं के परिणाम के बाद की प्रक्रिया को लेकर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपी के लिए आवेदन करते समय कुछ तकनीकी समस्याएं सामने आईं हैं। इसके कारण कई छात्रों के शुल्क कटौती में गड़बड़ी हो गई। कुछ मामलों में छात्रों से ज्यादा पैसे काट लिए गए, जबकि कुछ मामलों में सिस्टम की गलती से कम शुल्क लिया गया। बोर्ड ने साफ किया है कि जिन छात्रों से अधिक पैसा लिया गया है, उन्हें वही अतिरिक्त राशि उसी भुगतान माध्यम (जैसे-यूपीआई, कार्ड आदि) से वापस कर दी जाएगी। जिनसे कम शुल्क लिया गया है, उन्हें बाकी राशि जमा करने की जानकारी अलग से दी जाएगी। इसके साथ ही सभी प्रभावित छात्रों को उनकी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं बिना किसी नए आवेदन के उपलब्ध कराई जाएंगी।

## स्कैन कॉपियों के लिए आवेदन के दौरान हुई थी तकनीकी गड़बड़ी




### फर्जी सर्कुलर को लेकर अलर्ट

*सीबीएसई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'फेक न्यूज अलर्ट' जारी करते हुए छात्रों और अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बोर्ड के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक नकली सर्कुलर तेजी से फैलाया जा रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि तकनीकी समस्याओं के कारण उत्तर पुस्तिका की कॉपी लेने और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। सीबीएसई ने इस दावे को पूरी तरह गलत बताया है। बोर्ड ने साफ किया है कि यह सर्कुलर फर्जी है और छात्रों को ऐसी किसी भी अफवाह पर विश्वास नहीं करना चाहिए। सीबीएसई ने अपने पोस्ट में लिखा, 'फर्जी खबरों और अफवाहों से सावधान रहें। किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से करें।'*

### मिली थी शिकायतें

*गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं की कॉपियां ऑनलाइन जांची गई हैं। कई छात्रों ने परीक्षा परिणाम को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद सीबीएसई ने जांची हुई स्कैन उत्तरपुस्तिकाओं की कॉपी के लिए आवेदन प्रारंभ किए थे। आवेदन प्रारंभ करने के साथ ही वेबसाइट क्रैश होने, एक से अधिक बार शुल्क कटने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। सीबीएसई ने आवेदन तिथियों में भी वृद्धि की थी। अब शिकायतों को देखते हुए अधिक बार पैसे कटने की स्थिति में रिफंड वापसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।*

## विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने सेंटर का किया शुभारंभ

# टाटीबंध एम्स के सामने नए स्वरूप में आरआरआर सेंटर, विशेष वाहन उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित टाटीबंध इलाके में एम्स अस्पताल के सामने निगम उद्यान परिसर में सोमवार को नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर का शुभारंभ हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रारंभ किए गए इस सेंटर का लोकार्पण रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा और एमआईसी सदस्य गायत्री-सुनील चंद्राकर की उपस्थिति में किया।

दरअसल, घर-घर जाकर लोगों से अनुपयोगी वस्तुएं संग्रहित करने नगर निगम द्वारा नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर के लिए विशेष वाहन उपलब्ध कराया गया है। यह वाहन जोन 8 के सभी सात वार्डों में जाकर घरों और दुकानों में अनुपयोगी वस्तुओं को संग्रह कर इन वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाएगा। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर इस सेंटर में महिलाओं की सुविधा के लिए सिलाई मशीन की व्यवस्था भी की गई है, जहां महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही रोजगार से भी जुड़ सकेंगी। टाटीबंध एम्स अस्पताल के सामने निगम उद्यान परिसर में इस सेंटर का संचालन मां शीतला महिला स्वसहायता समूहकी महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

मीनल चौबे ने हरिभूमि को बताया कि आरआरआर यानी रीड्यूस, रीयूज और रीसायकल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण अवधारणा है। इसका मकसद कूड़े को कम करना, उपयोग योग्य वस्तुओं के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देना ओश्र अपशिष्ट का पुनर्चकण कर संसाधनों का संरक्षण करना है। इन सेंटरों के माध्यम से लैंडफिल साइट में जाने वाले कचरे में कमी आएगी। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। संग्रहित की गई वस्तुओं की मरम्मत कर जरूरतमंदों तक निःशुल्क या न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### सेंटर में इस तरह की रहेगी व्यवस्था

*सेंटर में पुराने कपड़े,जूते चप्पल, इलेक्ट्रानिक सामान, बर्तन, प्लास्टिक सामग्री औश्र अन्य उपयोगी वस्तुओं को व्यस्थित रूप से रखने की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही यहां बर्तन बैंक और झोला बैंक की व्यवस्था रहेगी। सेंटर के लोकार्पण अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे,जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी योगेश कडू, सहायक अभियंता अनुराग पाटकर, अमन चंद्राकर,उप अभियंता लोचन चौहान, कृष्णा राठी, संस्कार शर्मा, मां शीतला स्वसहायता समूह के पदाधिकारी और वार्डवासी उपस्थित रहे।*

## सुशासन तिहार में 446 नागरिकों के आवेदन 5 नागरिकों को लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिए



टाटीबंध के अग्रसेन भवन में सोमवार को जोन 8 के 7 वार्डो के रहवासियों के लिए जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। जिसमें 446 नागरिकों ने अलग-अलग जन हित से जुड़े विषयों पर आवेदन दिए। शिविर में 5 नागरिकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। शिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री और क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे , सभापति सूर्यकांत राठौर ने किया। इस मौके पर राजेश मूणत ने कहा कि नगर निगम के जोन कमिश्नरों को संकल्प लेना चाहिए कि जोन क्षेत्र में अतिक्रमण की कोई समस्या न हो, इसके लिए अपने प्रशासनिक दायित्व को अच्छी तरह पूरा करने आगे आवें। उन्होंने नगरनिगम क्षेत्र में अवैध कालोनियों और अवैध प्लाटिंग के सभी प्रकरणों पर कड़ी कार्यवाही नियम अनुसार करने निर्देश दिए। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि यह रायपुर शहर मेरा अपना शहर है और इसमें व्यवस्था अच्छी बनाने सहभागी बनना मेरा दायित्व है।

महापौर मीनल चौबे ने कहा सुशासन तिहार 2026 में मिल रहे आवेदनों, मांगों और जन शिकायतों का शत-प्रतिशत निदान करवाना संबंधित विभागीय अधिकारियों का प्रशासनिक दायित्व है। शिविर में अंशिका साहू के 6 माह के नवजात शिशु का अन्नप्राशन और गर्भवती माता इंदू साहू ,दिनेश्वरी जंघेल की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई।

नगर निगम जोन 8 के सुशासन तिहार शिविर में जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, पार्षद भगतराम हरवंश, अमन सिंह ठाकुर, महेंद्र औसर, अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद कमलेश वर्मा, वीरेंद्र देवांगन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, रायपुर पश्चिम पुलिस कमिश्नरी एसएसपी राहुलदेव शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश 38 हजार का कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- चोरी का सामान खरीदी-बिक्री के आरोप में आधा दर्जन कबाड़ी गिरफ्तार

पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन में पुलिस ने आधा दर्जन कबाड़ियों के ठिकानों पर सरप्राइज जांच करते हुए उनके यार्ड में छापे की कार्रवाई की। जिन कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस ने छापे की कार्रवाई की, उन कबाड़ियों के ठिकानों से पुलिस ने 38 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का कबाड़ जब्त किया है। साथ ही आधा दर्जन कबाड़ियों को पुलिस ने चोरी का माल खरीदने-बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर पुलिस ने छापे की कार्रवाई की है। पुलिस ने कबाड़ियों तथा यार्ड संचालकों को चोरी का माल नहीं खरीदने तथा ऐसा माल बेचने वालों की तत्काल पुलिस में शिकायत करने हिदायत दी है। छापे की कार्रवाई एडीसीपी आकाश मरकाम तथा सहायक एसीपी पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध कबाड़ के कारोबार पर रोक लगाने की गई। पुलिस ने रावांभाठा में विजय टंडन, अवध राम नवरंगे, गुढ़ियारी में गिरधारी साहू, आदर्श गोयल, उरला, मेटल पार्क स्थित रमन कबाड़ी, सरोरा स्थित एसएल ट्रेडर्स में पुलिस ने छापे की कार्रवाई की है।

### एम्स रायपुर में आईआरएडी प्रशिक्षण का आयोजन

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग के नर्सिंग स्टाफ के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटना संबंधी त्वरित डेटा एंट्री को सुदृढ़ करना, दुर्घटना प्रबंधन को सुव्यवस्थित बनाना तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला के दौरान एनआईसी के निदेशक अमित कुमार देवांगन ने एप्लिकेशन की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी तथा वैज्ञानिक सड़क दुर्घटना रिपोर्टिंग एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रबंधन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। लाइव केस डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ को वास्तविक समय में दुर्घटना रिपोर्टिंग, आपातकालीन समन्वय तथा योजना के क्रियान्वयन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

## स्कूलों से मांगे गए मान्यता संबंधित दस्तावेज, आगजनी में हुए थे खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जिला शिक्षा कार्यालय अब स्कूलों से मान्यता संबंधित कागजात मांग रहा है। कुछ माह पूर्व जिला शिक्षा कार्यालय के मान्यता सहित अन्य कक्ष में भीषण आगजनी हुई थी। जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई। जिला शिक्षा कार्यालय अब इन दस्तावेजों को फिर से मंगा रहा है ताकि रिकॉर्ड रखा जा सके। कई विद्यालयों को इस संदर्भ में खत लिखा गया है। जिला शिक्षा कार्यालय ने विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को लिखे अपने खत में कहा है कि कार्यालय में संधारित अशासकीय शालाओं की मान्यता संबंधी मूल नस्तियां एवं अभिलेख आगजनी की अप्रत्याशित घटना के कारण पूर्णतः नष्ट हो गई है, जिसके फलस्वरूप आपके शाला के मान्यता से संबंधित अभिलेख कार्यालयीन स्तर पर अनुपलब्ध हो गए हैं। अतः कार्यालयीन अभिलेखों के पुनः संधारण एवं अभिलेखीकरण के लिए आपके विद्यालय की मान्यता संबंधी समस्त अभिलेखों की सत्यापित प्रतियां सत्र 2016-17 से 2025-26 तक 9 वर्ष की फाइल को पृष्ठ-वार व्यवस्थित रूप से संलग्न किया जाए।

### अब होगा डिजिटलीकरण

आगजनी की घटना के पूर्व ही जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा दस्तावेजों का डिजिटलीकरण प्रारंभ कर दिया गया था। इस कारण कई दस्तावेज जिला शिक्षा कार्यालय के पास उपलब्ध है। जो नवीन दस्तावेज स्कूलों से मंगाए जा रहे हैं, उन्हें भी डिजिटल मोड में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दिक्कतों से बचा जा सके। मान्यता संबंधित दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध कराने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा संबंधित स्कूल को तीन दिनों का समय दिया गया है।

## नवागांव में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, 908 आवेदन आए इनमें बहुतों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला प्रशासन रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव आरंग में सुशासन तिहार अंतर्गत सोमवार को जन समस्या निवारण शिविर लगा। इसमें 908 लोगों ने आवेदन किए, जिसमें मांग, समस्या एवं शिकायतें शामिल हैं। इन आवेदनों में कई मांग एवं समस्या का मौके पर ही निराकरण किया, वहीं जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हो पाया, उनका निराकरण आगामी एक माह के भीतर करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### 24 ग्रामों से पहुंचे थे आवेदक

शिविर में नवागांव सहित आसपास के 24 ग्राम पंचायतों से ग्रामीण आवेदन लेकर पहुंचे थे। शिविर में खाद्य, श्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, खनिज, राजस्व सहित अन्य विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, मनरेगा जॉब कार्ड, ऋण पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इसके साथ ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन तथा बालिकाओं को स्वच्छता किट प्रदान की गई। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## एमआईसी की स्वीकृति के बाद भी पुरानी पेंशन बहाली का आदेश जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



महापौर परिषद की स्वीकृति के 9 माह गुजर जाने के बाद भी नगर निगम के कर्मचारी,अधिकारियों का पुरानी पेंशन बहाली आदेश जारी नहीं हुआ है। इस बात को लेकर नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी बेहद नाराज हैं, आगे की रणनीति तय करने कर्मचारी संघ ने 26 मई को शाम 4 बजे निगम मुख्यालय में बैठक बुलाई है।

नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में माह सितंबर 2025 के दौरान एमआईसी की बैठक में संकल्प पारित कर राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है। करीबन 9 माह बीतने के बाद भी राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है, प्रकरण को लंबित करके रखा गया है। जिससे पात्र अधिकारी व कर्मचारी आक्रोशित हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को आयोजित बैठक मे सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही नगर निगम के सेटअप में संशोधन और पात्र अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने जैसे मसलों पर भी बातचीत होगी।

## नियमितीकरण की मांग विद्युत विभाग संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर विद्युत विभाग के डगनिया स्थित मुख्यालय गेट के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई, पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारियों ने रिक्त पद पर समायोजन करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारी 22 जून से प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान विभाग की ओर से ज्ञापन के लिए मानव संसाधन के अधिकारी राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने 10 वर्ष से लंबित नियमितीकरण की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को दोपहर 4 बजे बिजली कंपनी मुख्यालय के सामने आमसभा और प्रदर्शन कर गेट मीटिंग आयोजित किया गया।

## जीपीएस ट्रैक कर एंबुलेंस घायलों की मदद करने कुछ मिनटों में पहुंच रही

# हादसे में घायलों के लिए संजीवनी से पहले डॉयल-1033

**केस 1**

रात के सन्नाटे में रात करीब 9.45 बजे रायपुर-बिलासपुर राजमार्ग पर एक ट्रक का टॉयर फट गया। इसके चालक गुरदीप सिंह ने 1033 पर कॉल किया। एनएचएआई की टीम तुरंत ट्रक की लोकेशन ट्रेस कर पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को पहले किराने कराया और टॉयर को ठीक कराकर उसे रवाना किया।

**केस 2**

बिलासपुर से महासमुंद की ओर जा रहे विशाल ट्रेलर का ब्रेक अचानक जाम हो गया। गाड़ी में एयर प्रेशर नहीं बन रहा था। इस ट्रेलर के चालक शिवम यादव ने 1033 में कॉल करके इसकी सूचना दी। इस सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और भारी ट्रेलर के पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ियों को सचेत करने के लिए सेफ्टी कोन और चेवरॉन साइन बोर्ड लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब कहीं भी हादसा हो, घायलों को बचाने के लिए डॉयल 1033 संजीवनी बनकर 24 घंटे कार्य कर रहा है। इस नंबर पर डॉयल करते ही एंबुलेंस तत्काल स्पॉट पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचा रही है, ताकि समय पर इलाज होने से उनकी जान बच सके।





### अन्य कई तरह से मददगार

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी आर. वेंकटेश्वरलु ने बताया कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग में हादसा होने पर डॉयल 1033 नंबर लगाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कॉल सेंटर को मिल जाती है। इसके बाद जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए हादसे का सटीक लोकेशन ट्रेस कर एंबुलेंस वाहन मौके पर भेजी जाती है, जो घायल व्यक्ति को बिना देर किए नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य करती है। हादसा बड़ा है, तो रास्ता साफ करने के लिए क्रेन और पेट्रोलिंग गाड़ियां भी मौके पर भेजी जाती हैं। उन्होंने बताया कि आमतौर पर लोग सोचते हैं कि यह नंबर सिर्फ एक्सीडेंट के समय काम आता है, लेकिन असल में यह हाइवे पर आपका सबसे भरोसेमंद साथी भी है। आप इन विपरीत स्थितियों में भी इसकी मदद ले सकते हैं। जैसे रात के सन्नाटे में अगर गाड़ी का टायर पंचर हो जाए या इंजन फेल हो जाए। अगर हाइवे पर कोई पेड़ गिर गया हो, मवेशी आ गए हों या कोई भारी मलबा पड़ा हो। यात्रा के दौरान अगर अचानक किसी सह-यात्री की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ जाए तथा टोल प्लाजा या फास्टैग संबंधी कोई समस्या हो या हाइवे पर असुरक्षा महसूस हो रही हो तो भी 1033 में डॉयल किया जा सकता है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 दो साल रिसर्च के बाद रायपुर के टेक....

## सिटी इवेंट

## पद्मश्री गोडबोले दंपति का 28 को महाराष्ट्र मंडल में सम्मान



**रायपुर।** नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में सोमवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से पद्मश्री प्राप्त करने के बाद अब डॉ. रामचंद्र गोडबोले और डॉ. सुनीता गोडबोले दंपति को महाराष्ट्र मंडल 28 मई को शाम 6.30 बजे सम्मानित करने वाला है। मंडल के य. गो. जोगलेकर स्मृति छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में आयोजित होने वाले विनायक दामोदर सावरकर जयंती समारोह में डॉ. गोडबोले दंपति सम्मानित किए जाएंगे। इस मौके पर डॉक्टर दंपति अपने 35 वर्षों से बस्तर के अबूझमाड़ में शोषित, पीड़ित, बीमार आदिवासियों का निशुल्क इलाज करने से लेकर वहां फैली भ्रांतियों को दूर करने को लेकर किए गए भगीरथ प्रयास के बारे में चर्चा करेंगे। गीता दलाल ने बताया कि वीर सावरकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके परआमंत्रित किए गए लेख के आधार पर निर्णायक परिणाम तय कर विजेता, उपविजेता के नामों की घोषणा करेंगे, जिन्हें कार्यक्रम के दौरान प्रोत्साहित किया जाएगा।

### वीर सावरकर के जीवन से जुड़े संवाद होंगे खास

*मंडल की साहित्यिक समिति की प्रभारी कुमुद लाड ने बताया कि वीर सावरकर पर सोमवार तक पर्याप्त लेख मिल गए हैं। इधर वीर सावरकर फैंसी ड्रेस स्पर्धा को लेकर बच्चे खासे उत्साहित हैं। उनके अभिभावकों की ओर से भरपूर पूछताछ करने के बाद पंजीयन भी कराया गया है। कुमुद के अनुसार, वीर सावरकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता 'वीर सावरकर की वर्तमान परिस्थितियों में प्रासंगिकता' पर अपना संबोधन देंगे।*

### एकादशी पर महाराष्ट्र मंडल वितरित करेगा मठा

*आध्यात्मिक समिति और बूढ़ापारा महिला केंद्र द्वारा एकादशी पर्व पर 27 मई को सुबह 9 बजे राहगीरों को सप्रे शाला बूढ़ापारा परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मठा वितरित किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि मंडल के सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला में वल्लभ नगर, शंकर नगर, चौबे कॉलोनी के बाद अब बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं मठा वितरित करेंगी। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। ऐसे में सुबह से ही सड़कें सूनी हो रही हैं। बहुत जरूरी काम के साथ लोग घरों से बाहर निकल रहे है। ऐसे में राहगीरों, वाहन चालकों, पैदल चलने वालों को राहत से मंडल ने इस पुनीत कार्य का संकल्प लिया है।*

## संस्कृति विभाग के ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर आकार का भव्य शुभारंभ

# पहले दिन आकार में प्रशिक्षुओं की उमड़ी भीड़, मिट्टी कला, वाद्ययंत्र और भरथरी विद्या में दिखा रुझान

ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर आकार का भव्य शुभारंभ हुआ। सोमवार को महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में शाम 5 बजे शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके बाद शिविर में संचालित प्रशिक्षण पंजीयन स्टॉल पर प्रशिक्षुओं व उनके पैरेंट्स की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले दिन 250 से अधिक प्रतिभागियों ने 16 विधाओं में कला प्रतिभा निखारने पंजीयन कराया। शिविर में हर वर्ग के प्रशिक्षुओं का उत्साह देखने को मिला।



**रायपुर।** शिविर में स्कूली बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ बड़ी संख्या में भाग लेने पहुंचे। परिसर में कला प्रशिक्षण डोम में सबसे ज्यादा भीड़ मिट्टी कला, पारंपरिक वाद्ययंत्र वादन और भरथरी गायन शैली में दिखा। यहां पर इन विधाओं के कला गुरु प्रतिभागियों को कला प्रशिक्षण देते नजर आए। यह शिविर आगामी 9 जून तक दो पालियों में रोजाना सुबह 7 से 10 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 8 बजे तक संचालित हो रहा है। आकार प्रशिक्षण शिविर संबंधित विधाओं, कला गुरुओं और अभ्यर्थियों के आवेदन आयोजन स्थल पर भी स्वीकार किया जा रहा है। यह शासन स्तर पर ग्रीष्मकालीन स्कूली अवकाश में स्कूली बच्चों सहित कॉलेज के छात्र-छात्राओं, युवा एवं बुजुर्ग हर वर्ग के कला साधकों के लिए प्रतिभा निखारने सबसे बड़ा मंच है।

### मिटी कला में टेराकोटा आर्ट सिखा रहे

शिविर में मिट्टी कला शिल्पकार विमल फुटान ने बताया कि वह हर साल आकार में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देते आए हैं। इस साल भी प्रशिक्षण देने कलागुरु के रूप में मौका मिला है। शिविर में प्रशिक्षु मिट्टी कला में टेराकोटा आर्ट सहित पारपरिक मिट्टी के बर्तन में दीये व खिलौने बनाना सीख रहे हैं।



### इन विधाओं में दिया जा रहा प्रशिक्षण

आकार-2026 प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षुओं को फाइन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी एवं ट्रॉयबल वुडन आर्ट, भरथरी गाथा, नाचा एवं लोकनृत्य-गीत, आदिवासी नृत्य एवं गीत, सेंड आर्ट, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर, ढोकरा शिल्प, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण एवं मेकिंग, टेराकोटा एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन आदि विधाओं में ख्यातिप्राप्त पारंगत कला गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### बघवा की आवाज निकालने वाला वाद्य यंत्र

शिविर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संग्राहक व कलागुरु रिखी जलछत्री ने बताया कि वह हर साल शिविर में प्रशिक्षुओं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वाद्ययंत्रों के वादन का प्रशिक्षण देते आए हैं। इस साल भी 200 से अधिक वाद्ययंत्रों के बारे में जानकारी व प्रशिक्षुओं की रुचि के वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। बघवा की आवाज निकालने वाला मटका बाजा, जिसे गांवों में बाड़ी व खेतों में फसल व सब्जियों की घुमंतू जानवरों से सुरक्षा के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा तुरही बाजा, खंझेरी, तंबूरा आदि वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





### शादी की सालगिरह के लिए सीखा हस्त कढ़ाई आर्ट

शिविर में हस्त कढ़ाई आर्ट का प्रशिक्षण दे रहीं कलागुरु हेमलता सिंह ने बताया कि उन्होंने 2023 में हस्त कढ़ाई आर्ट शादी की सालगिरह पर मोबाइल से देखकर सीखा। फिर धीरे-धीरे प्रशिक्षण क्लास शुरू कर दिया। आज बड़ी संख्या में लोग कढ़ाई आर्ट का प्रशिक्षण लेने आते हैं। इस शिविर में भी बड़ी संख्या में प्रशिक्षु कढ़ाई आर्ट सीखने पहुंच रहे हैं।

### 100 रुपए पंजीयन शुल्क दिव्यांगों के लिए छूट

शिविर में प्रशिक्षण शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को शुल्क में छूट दी गई। पहले दिन बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने पंजीयन कराया। 15 दिनों तक विविध विधाओं में पारंगत होने के बाद शिविर में कला प्रस्तुति का अवसर दिया जाएगा, जहां प्रशिक्षुओं का सम्मान व प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक रक्तदान करने पर 20 हेलमेट बांटे



**रायपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को एक रेस्टोरेंट व सुरक्षित भवः फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी सतीश ठाकुर ने वाहन चालकों को सुरक्षा मंत्र देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना के दौरान गोल्डन ऑवर में घायल की मदद करने वाले नागरिक को सरकार की ओर से 25,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाता है। फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. केशव राव और डॉ. संदीप धुप्पड़ ने तेज रफ्तार को हादसों की मुख्य वजह बताया। वहीं ट्रैफिक टीचर टीके भोई और रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष इकबाल खान ने गुड समैरिटन कानून और सीपीआर ट्रेनिंग की जानकारी दी। इस अवसर पर अपना ब्लड बैंक और 'साई रक्तदाता समिति' के सहयोग से लगे शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान कर जान बचाने का संकल्प लिया। डीसीपी सतीश ठाकुर और अन्य अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन डिप्टी डायरेक्टर निधि अग्रवाल ने किया। अंत में मैत्री व्यास ने आभार जताते हुए सभी से नियमित रक्तदान की अपील की। कार्यक्रम में 150 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## ग्रीन आर्मी ने तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान श्रमदान कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण और जलस्रोतों को साफ रखने के उद्देश्य से ग्रीन आर्मी टाटीबंध जोन द्वारा कबीरनगर स्थित भुईयां तालाब में अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तालाब की साफ-सफाई सुनिश्चित करना, पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता फैलाना और आम नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व ग्रीन आर्मी के सुखदेव भामरा और उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। अभियान के दौरान संस्था के सभी सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए तालाब परिसर से कचरा हटाया और समाज को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का सकारात्मक संदेश दिया।



### महादेव तालाब की सफाई, बुजुर्गों से लेकर स्कूली बच्चों ने किया श्रमदान

रायपुर। चंगोराभाठा स्थित पवित्र महादेव तालाब की सफाई के लिए रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। सामुदायिक श्रमदान के तहत आयोजित इस अभियान में क्षेत्र के सदस्य, युवा और पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभियान में बुजुर्गों से लेकर स्कूली बच्चों तक ने श्रमदान किया। सभी ने मिलकर तालाब परिसर से कचरा, प्लास्टिक आदि निकाला। करीब 3 घंटे चले इस अभियान में तालाब के घाटों और किनारों की भी सफाई की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि महादेव तालाब धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बरसात से पहले की गई इस सफाई से जल संरक्षण में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने तालाब को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

## लाइव इवेंट

## आम महोत्सव में 11 गुठलियां लाएं और 1 मैंगो गिफ्ट पाएं






**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहे आम महोत्सव में 11 गुठलियों के बदले 1 मैंगो गिफ्ट दिया जाएगा। यह प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा महोत्सव में पहुंचने वालों के लिए हर घंटे लकी ड्रॉ, इंस्टाग्राम फॉलो करें और लक्की कूपन पाएं, प्रति व्यक्ति 11 आम की गुठली लाएं और सोसायटी स्टॉल से 1 आम गिफ्ट पाएं, जैसे आकर्षक उपहार रखे गए हैं। यह महोत्सव कृषि विश्वविद्यालय में 29, 30, 31 मई दोपहर 12 से रात 9 बजे तक आयोजित है। प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्यानी, सचिव निर्भय धाड़ीवाल और दी डिजिटल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव का आनंद लेने एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़ने की अपील की है। महोत्सव का शुभारंभ 29 मई को दोपहर 2 बजे होगा। पहले दिन रोचक सवाल और तुरंत जवाब, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 30 मई को दोपहर 3-4 बजे निशुल्क आम के व्यंजन प्रतियोगिता, 4-5 बजे प्रसिद्ध शेफ आकांक्षा राय के साथ आम के व्यंजन बनाना सीखेंगे। वहीं महोत्सव के आखिरी दिन 31 मई को 3-5 बजे निशुल्क मैंगो फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता दो आयुवर्ग 3-8 वर्ष और 9-13 वर्ष के लिए आयोजित होगी। इसके बाद पुरस्कार वितरण और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन होगा।

> प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा महोत्सव को रोचक बनाने नई पहल

## एनआईटी में ग्लोबल कोलैबोरेशन एंड एकेडमिक एक्सचेंज विषय पर सेमीनार

**कार्नर न्यूज**

# जापान यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने बताया- एआई टैक्टिकल टैसिट से नॉलेज को विजुअलाइज का तरीका



**रायपुर।** एनआईटी में ग्लोबल कोलैबोरेशन एंड एकेडमिक एक्सचेंज विषय पर एक-दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार को संस्थान के समन्वयन कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, एहिमे यूनिवर्सिटी जापान के डॉ. अकीरा यामानाका, आईआईटी हैदराबाद के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. सी. कृष्णा मोहन और एनआईटी मणिपुर के निदेशक डॉ. डीवीएलएन सोमयाजुलु शामिल हुए। इस सेमीनार में मुख्य वक्ता डॉ. अकीरा यामानाका ने बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टैक्टिकल टैसिट नॉलेज को विजुअलाइज़ करने में मदद कर सकता है। उन्होंने समझाया कि टैसिट नॉलेज कॉन्टेक्स्ट-डिपेंडेंट, टाइम-सेंसिटिव और नॉन-वर्बल होता है। यह बिल्कुल एक रसोइए की तरह जो बिना बताए यह महसूस कर लेता है कि डिश कब पूरी तरह से पक गई है। सब्जेक्टिव इंट्यूशन और इंजीनियरिंग के बीच की इस खाई को पाटने के लिए उन्होंने ह्यूमन इंटरफ़ेस, एआई प्रोसेसिंग और हार्डवेयर सेंसर्स पर केंद्रित एक थ्री-टियर आर्किटेक्चर का प्रस्ताव रखा। एसईसीआई मॉडल समाजीकरण, बाह्यकरण, संयोजन और आत्मसात्करण का उपयोग करके नॉलेज सर्कुलेशन सिस्टम बनाने पर आधारित अपने शोध का हवाला देते हुए, उन्होंने बताया कि उनका दृष्टिकोण व्यक्तिगत, सब्जेक्टिव विशेषज्ञता पर निर्भरता को कम करता है। इसके बजाय, उनकी प्रणाली भौतिक ट्रैकिंग और सेंसर डेटा का विश्लेषण करने के लिए एआई का उपयोग करता है, और इसे ऑब्जेक्टिव टैक्टिकल मॉडल्स और प्रतिरूपण में परिमाणित और रूपायित करती है।

### अल्टरनेटिव पर्सपेक्टिव में एआई की क्षमता पर चर्चा



डॉ. सी. कृष्णा मोहन ने एहिमे यूनिवर्सिटी और आईआईटी हैदराबाद के बीच सफल कोलैबोरेशन की हिस्ट्री साझा की और बताया कि उन्होंने ही डॉ. राव को इस वर्तमान एकेडमिक एक्सचेंज का प्रस्ताव दिया था। केवल कंप्यूटर साइंस ही नहीं, बल्कि कई अन्य विषयों में फैकल्टी और स्टूडेंट प्रोग्राम्स के लिए डॉ. यामानाका के मजबूत समर्थन पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने ह्यूमन कोच को रिप्लेस करने के बजाय एक अल्टरनेटिव पर्सपेक्टिव प्रदान करने में एआई की क्षमता पर चर्चा की। डॉ. डीवीएलएन सोमयाजुलु ने कहा कि यह वैश्विक शैक्षणिक आदान-प्रदान की पहल भारतीय छात्रों के लिए जापान में अध्ययन करने का मार्ग प्रशस्त करेगी और इसी तरह जापानी छात्रों के लिए भी अवसर पैदा करेगी। सेमीनार में अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

समाज लाइव

## ईद-उल-अजहा पर समाज के लोग भी आस्था का ध्यान रखें



**रायपुर।** आगामी 28 मई को देशभर में ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 6 बजे से 11 बजे तक प्रदेश की विभिन्न मस्जिदों, ईदगाह में निर्धारित समय के तहत अता की जाएगी। सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि यह त्योहार मुस्लिम धर्म में हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम व हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की याद में कौम के लोग मनाते हैं। इसमें 28 के सूर्योदय से लेकर 30 मई को सूर्यास्त तक मुस्लिम समाज के साहिबे निसाब व्यक्ति द्वारा कुर्बानी की जाती है। पैगम्बर साहब ने संदेश दिया है कि जिस देश में रहते हैं, वहां के संविधान का आदर करना चाहिए। आसपास निवास करने वाले भाईयों की आस्था का आदर करना चाहिए। इससे समाज में भाईचारा, अमन कायम रहेगा। इस्लाम धर्म, कुरआन व हदीस भी हमें सभी धर्मों के प्रति आस्था, आपसी भाईचारा, मोहब्बत और साम्प्रदायिक सौहार्द्र रखने का संदेश देते हैं।

### कुर्बानी की फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राज ने बताया कि कई बार कुछ लोगों द्वारा कुर्बानी खुले क्षेत्र में की जाती है या कुर्बानी करते समय वीडियो और फोटो को सोशल मीडिया में वायरल किया जाता है। इससे बहुसंख्यक भाईयों को तकलीफ होती है और वातावरण दूषित होता है। इसलिए भी आग्रह है कि ईद-उल-अजहा के मौके पर खुले में या सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। कुर्बानी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें। कुर्बानी का खून नालियों में न बहाएं, अपशिष्ट पदार्थ व खून गड्ढा खोदकर दफनाएं और कुर्बानी के बाद साफ-सफाई का ध्यान रखें।

सिटी लाइव

## मेधावी बच्चों-नन्हे रोजेदारों का फाउंडेशन ने किया सम्मान



**रायपुर।** शहीद स्मारक भवन में "नन्हे रोजेदार" एवं "शान-ए-मुस्तकबिल" सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 8वीं से 12वीं कक्षा तक के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 80% से अधिक अंक प्राप्त करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया गया। इसमें उन अभिभावकों का भी सम्मान किया गया, जिनकी मेहनत, मार्गदर्शन और बेहतर तालीम दिलाने की बदौलत बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की। अतिथियों ने कहा कि बच्चों की सफलता के उनके पीछे माता-पिता की अहम भूमिका होती है। इस बार भी 11 वर्ष से कम उम्र के नन्हे रोजेदार बच्चों को सम्मानित किया गया।

### समाज के बच्चों को शिक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत

इस कार्यक्रम में बच्चों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो और गिफ्ट प्रदान किए गए। इसके बारे में फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिराज ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस आयोजन के माध्यम से "हम चाहते हैं कि हमारी कौम के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। इसी सोच के साथ हमने नारा दिया है, एक रोटी कम खाओ, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाओ। संरक्षक सैय्यद फैसल रिजवी ने कहा कि समाज को सबसे अधिक जरूरत शिक्षा की है। जब बच्चे देखते हैं कि अच्छी शिक्षा और बेहतर प्रदर्शन से उनका और माता-पिता का सम्मान होता है तो इससे बच्चों को सकारात्मक प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि रोजा बच्चों को सब्र और संयम की सीख देता है।

लाइव इवेंट

## एकल अभियान का मंथन शुरू 3 राज्यों के प्रतिनिधि हुए शामिल



**रायपुर।** वनबंधु परिषद रायपुर चैप्टर द्वारा 24 मई को राजधानी के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में 'एकल अभियान संभाग संरक्षक वर्ग' और 'प्रभाग कार्य समीक्षा' की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा बंगाल और ओडिशा राज्य के प्रतिनिधियों ने भी प्रमुखता से हिस्सा लिया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपक भीमसरिया ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से एकल अभियान के अध्यक्ष राजेश गोयल (दिल्ली), नटवर बंग और श्री मिमानी (कोलकाता) सम्मिलित हुए। इस महत्वपूर्ण सत्र के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत संचालक टोपलाल वर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया और राष्ट्रसेवा व संगठन के कार्यों को लेकर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

### दीपक संरक्षक और कंचन बनीं सह-संरक्षक

बैठक के दौरान संगठन के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से दीपक भीमसरिया को छत्तीसगढ़ संभाग का संरक्षक तथा कंचन भीमसरिया को सह-संरक्षक का अहम दायित्व सौंपा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने जानकारी दी कि इस बैठक में एकल छत्तीसगढ़ संभाग के अध्यक्ष महेंद्रकांत संघाणी, उपाध्यक्ष भगवान बंसल, सचिव राजीव नंदे, चंदन जैन, सरस्वती, अनिल मुंदड़ा, अमित अग्रवाल, युवा समिति सचिव कंचन भीमसरिया, महिला समिति मीडिया प्रभारी कविता राठी, अंचल प्रभारी राजश्री गुप्ता, मीना अग्रवाल, अनिल डागा, संजय रूंगटा और रंजना मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चैट जीपीटी और गूगल जेमिनी को टक्कर देने का दावा, बिना कोडिंग के एप-वेबसाइट डिजाइन और तस्वीरें बनाने की मिलेगी सुविधा

# दो साल रिसर्च के बाद रायपुर के टेक एक्सपर्ट का कमाल बनाया छत्तीसगढ़ का पहला 'ऑल-इन-वन' एआई प्लेटफॉर्म

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में एआई जटिल कार्यों को आसान बना रहा है, जिसे देखते हुए तकनीक से जुड़े लोग इसमें अपना भविष्य तलाश रहे हैं। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के टेक एक्सपर्ट गौरव तिवारी ने छत्तीसगढ़ का पहला एआई प्लेटफॉर्म तैयार करने का दावा किया है। उनका कहना है कि यह प्लेटफॉर्म 'गूगल जेमिनी' और 'चैटजीपीटी' जैसे बड़े एआई टूल्स की तरह ही काम करेगा। इसे खासतौर पर आम लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखकर बेहद आसान बनाया गया है।

**रायपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के रिटायर्ड प्रो. गौरव तिवारी पिछले कई सालों से आईटी सेक्टर में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफॉर्म को तैयार करने में लगभग 2 साल की रिसर्च लगी है। ट्रायल के दौरान करीब 30 हजार लोग इसका इस्तेमाल भी करने लगे थे, लेकिन अत्यधिक सर्वर लोड के कारण फिलहाल इसे रोकना पड़ा। गौरव ने बताया कि उनके इस एआई प्लेटफॉर्म और तकनीक के पेटेंट की प्रक्रिया जारी है। पेटेंट मंजूर होने के बाद यह तकनीक आधिकारिक तौर पर उनके नाम दर्ज हो जाएगी।



टेक एक्सपर्ट गौरव तिवारी के बनाए एआई से तैयार की गई तस्वीर



### अलग-अलग सॉफ्टवेयर की नहीं पड़ेगी जरूरत

आज के समय में मोबाइल एप बनाने, वेबसाइट डिजाइन करने या फोटो-वीडियो को हाई क्वालिटी में बदलने के लिए अलग-अलग सॉफ्टवेयर और विदेशी एआई टूल्स पर निर्भर रहना पड़ता है। गौरव का दावा है कि उनका यह प्लेटफॉर्म ये सभी काम एक ही जगह पर कर देगा, यानी बिना कोडिंग सीखे एप बनाना, कुछ ही सेकंड में वेबसाइट डिजाइन करना, खराब फोटो और वीडियो को क्लीयर क्वालिटी में बदलना और एडवांस्ड थ्रीडी इफेक्ट्स वाली वेबसाइट तैयार करना अब बेहद आसान होगा। सरल शब्दों में कहें तो यह एक ऑल-इन-वन एआई टूल की तरह काम करेगा।



### विदेशी टूल्स से तेज और इस्तेमाल में बेहद आसान

गौरव का कहना है कि ज्यादातर बड़े एआई प्लेटफॉर्म विदेशी कंपनियों के हैं और उनके फीचर्स आम लोगों के लिए काफी जटिल होते हैं। इसके उलट, उन्होंने अपने प्लेटफॉर्म को बेहद आसान इंटरफेस के साथ तैयार किया है, ताकि कम तकनीकी जानकारी रखने वाला व्यक्ति भी इसे आसानी से चला सके। उनका दावा है कि यह प्लेटफॉर्म कई मामलों में ज्यादा तेज और सटीक परिणाम देता है। बता दें कि बीई (इंस्ट्रूमेंटेशन) और एमटेक की पढ़ाई कर चुके गौरव ने बेंगलुरु से एम्बेडेड सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की ट्रेनिंग ली है। वे पूर्व में चिप्स में सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर रह चुके हैं और अमेरिकी कंपनियों के लिए ऐप व वेबसाइट डेवलपमेंट के 900 से अधिक प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुके हैं।

### इमेज क्वालिटी में नहीं आएगा 'ग्लिच', जनरेट करेगा 8K तस्वीरें

वर्तमान में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई जैसी दिग्गज कंपनियां एआई सेक्टर में कककअरबों डॉलर का निवेश कर रही हैं। ऐसे समय में रायपुर में तैयार यह प्लेटफॉर्म साबित करता है कि भारतीय इंजीनियर भी ग्लोबल टेक्नोलॉजी में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। टेक एक्सपर्ट गौरव तिवारी ने अपने इस एआई प्लेटफॉर्म को लेकर दावा किया है कि यह मौजूदा कई एआई टूल्स के मुकाबले ज्यादा बेहतर और स्थिर तरीके से काम करेगा। यह बेहद कम समय में 8K रेजोल्यूशन तक की हाई-क्वालिटी तस्वीरें तैयार कर सकता है। अक्सर अन्य एआई प्लेटफॉर्म ज्यादा इस्तेमाल के बाद तकनीकी गड़बड़ी का शिकार हो जाते हैं, जिससे इमेज धुंधली होना या चेहरों का आकार बिगड़ना जैसी समस्याएं आती हैं। गौरव का दावा है कि उनके प्लेटफॉर्म में ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बल्कि लगातार इस्तेमाल के साथ यह और भी बेहतर आउटपुट देगा।

डैक अचीवर्स अवॉर्ड से 1000 होनहारों का सम्मान

## परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव ने दिया सफलता का मंत्र



**रायपुर।** डीडीनगर स्थित डैक एकेडमी सैनिक स्कूल व गोस्वामी सर व साहू सर क्लासेस के तत्वावधान में रविवार को डैक अचीवर्स अवॉर्ड 2026 का आयोजन किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस समारोह में सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, मिलिट्री स्कूल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराने वाले लगभग 1000 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट सफलता से संस्था और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

### मोमेंटो और प्रमाण पत्र पाकर खिले चेहरे

कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित 1000 विद्यार्थियों को मंच पर मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पूरे समारोह के दौरान ऑडिटोरियम में मौजूद विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और अतिथियों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के संचालकों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही भविष्य में भी समाज को इसी प्रकार के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम देने का संकल्प दोहराया।

### आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत है सफलता की कुंजी



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए, जबकि 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित साहू ने की। कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने अपने प्रेरक उद्बोधन से विद्यार्थियों में देशभक्ति का संचार करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, समर्पण और निरंतर कड़ी मेहनत सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डैक एकेडमी लगातार ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देकर उनके सपनों को साकार करने का उत्कृष्ट कार्य कर रही है। समारोह में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों के कई विशिष्ट अतिथियों ने भी शिरकत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कठिन परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## जांजगीर की बेटी ने माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा



**रायपुर।** जांजगीर- चांपा की पर्वतारोही अमिता श्रीवास ने 22 मई को सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट 8848. 86 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा लहराते हुए इतिहास रच दिया। हालांकि इस ऐतिहासिक फतह के बाद बेस कैंप में लौटते समय अत्यधिक ऊंचाई शून्य से 40 डिग्री नीचे तापमान और ऑक्सीजन कमी के कारण गीता श्रीवास की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई, उन्हें आपातकालीन स्थिति में हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करके काठमांडू के नर्विक इंटरनेशनल हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। डॉक्टर के मुताबिक, अमिता श्रीवास को गंभीर फ्रास्टबाइट अत्यधिक ठंड से अंगों का सुन होना और हाई एल्टीट्यूड संबंधित स्वास्थ्य की समस्या हुई है।

### पर्वतारोही से मिले और स्वास्थ्य लाभ के लिए की पूजा

*इसके चलते मेडिकल टीम ने अमिता श्रीवास को 8 अप्रैल 2026 को उनके निवास में शुभकामनाएं दी। नगर पालिका लोरमी के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जयसवाल, मिंटू छाबड़ा, जीवन साहू, अवधेश राजपूत, मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, दुर्गा यादव, दीपक साहू और तिरिथ साहू से पर्वतारोही ने कहा कि माउंट एवरेस्ट फतह करेंगे, इसका हमें विश्वास है। वहीं अमिता श्रीवास ने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवानवित किया है। मेडिकल टीम ने मंदिर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए पूजा-अर्चना और जल्द स्वस्थ होने के लिए कामना की।*

नौतपा शुरू होने के साथ ही भक्तों ने भगवान को ठंडक पहुंचाने शुरू की पहल, देवी मंदिरों में सामान्य भोग

# आराध्य देवों का बदला भोग, बेल का शर्बत-नीबू पानी और आमरस चढ़ाने के बाद बांट रहे प्रसाद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जिस तरह से तपिश बढ़ने पर लोग अपना बचाव करते हैं। कुछ उसी तरह के भाव भक्त भगवान के लिए रखते हैं। यही वजह है कि गर्मी शुरू होने के साथ सबसे पहले भगवान की पोशाक और श्रृंगार बदले गए। इसके बाद अब नौतपा शुरू होते ही भगवान को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए भोग भी बदल दिया। अब आराध्य देवों को बेल का शर्बत, आमपना, नीबू पानी भी अर्पित करने लगे हैं। इस श्रृंखला में सुंदर नगर स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र में श्री राधेकृष्ण को आम से तैयार किए गए व्यंजनों का भोग सुबह और शाम को दर्शन आरती के साथ नीबू पानी और आमपना अर्पित किया जा रहा है। अनंत शेष प्रभुजी ने बताया कि भगवान ही नहीं, भक्त भी उनके प्रति वात्सल्य का भाव रखते हैं।





गर्मी से बचाने के लिए फूलों और पत्तों से श्रृंगार

जैतूसाव मठ के संदर्भ में अजय तिवारी ने बताया कि भगवान को नौतपा में आमपना, बेल का शर्बत जैसे ठंडे पेय पदार्थों को भोग स्वरूप अर्पित किया जाता है। साथ ही चना और सत्तू भी भोग स्वरूप चढ़ाया जाता है। भगवान का परिधान भी ठंडक देने वाला ही होता है। इसके अलावा भगवान को चंदन का लेप भी लगाया जाता है, ताकि भीषण गर्मी से सुकून दिया जा सके। आसपास के भक्त भी आम के पत्तों और फूलों से श्रृंगार करते हैं। इस तरह की प्रक्रिया लगभग सभी आराध्य देव के मंदिरों में की जाती है, क्योंकि भक्त भी भगवान के प्रति प्रेमभाव रखते हैं।

### इन मंदिरों में भी भक्तों ने भाव से बदला भोग

पुरानी बस्ती स्थित गोपीदास मंदिर समेत जोरापारा स्थित शिव-हनुमान मंदिर में भी भोग प्रसादी और श्रृंगार का तरीका बदल दिया है।सुबह और शाम को दर्शन और पूजा करने के लिए मंदिर में पहुंचने वाले भक्त भी आराध्य देव को नौतपा की तपिश से बचाने के लिए अलग-अलग उपाय करने लगे हैं। ज्येष्ठ मास में भी भगवान भोलेनाथ को गर्मी से बचाने के लिए जलधारा अविरल प्रवाहित करने के लिए पात्र स्थापित किए गए हैं। इसमें भक्त परिवार नियमित जलदान करने पहुंचते हैं, ताकि भगवान को सुकून मिल सके।



ज्योतिष

## मिथुन राशि में बुध के प्रवेश से शुरू होंगे इन राशियों के अच्छे दिन



मई महीने के आखिर में बुध ग्रह राशि बदलने जा रहे हैं। 29 मई 2026 को बुध मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष में मिथुन राशि को बुध की अपनी राशि माना जाता है। ऐसे में इस गोचर को काफी खास माना जा रहा है। बुध ग्रह को बोलचाल, समझदारी, व्यापार और दिमाग से जोड़कर देखा जाता है। कहा जाता है कि जब बुध मजबूत स्थिति में होते हैं तो व्यक्ति अपने फैसलों और बातचीत के दम पर आगे बढ़ता है।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि वालों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। लोगों के बीच आपकी बातों का असर बढ़ सकता है। नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। अगर लंबे समय से किसी नए काम की योजना बना रहे थे तो उस पर आगे बढ़ सकते हैं। पार्टनरशिप में काम करने वालों को भी फायदा मिलने के संकेत हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों के लिए करियर के मामले में यह समय बेहतर माना जा रहा है। ऑफिस में मेहनत का फायदा मिल सकता है। कुछ लोगों को नई जिम्मेदारी या प्रमोशन की खबर भी मिल सकती है। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अच्छा मौका मिल सकता है।

**तुला राशि :** तुला राशि वालों के लिए रुके हुए कामों में तेजी आने के संकेत हैं। पैसों से जुड़े मामलों में राहत मिल सकती है। कुछ लोगों को अचानक लाभ मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। यात्रा या नई जगह काम करने का मौका भी मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि वालों के लिए बुध का यह गोचर पढ़ाई और करियर के मामले में अच्छा माना जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को फायदा मिल सकता है। कमाई के नए रास्ते खुल सकते हैं। परिवार में भी खुशी का माहौल बना रह सकता है।

**बुध ग्रह को मजबूत करने के लिए क्या करें :** बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करना शुभ माना जाता है। कई लोग इस दिन हरी चीजों का दान भी करते हैं। मान्यता है कि बुध से जुड़े मंत्रों का जाप करने से सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।0000

## 22 जून को बुध करेंगे कर्क राशि में प्रवेश, मिथुन, कन्या, मकर राशि की बल्ले-बल्ले



बुध हर 15 दिन में राशि परिवर्तन करते हैं। जून माह के अंत में यानी 22 जून को बुध राशि परिवर्तन करके कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे। बुध के कर्क राशि में आने से इन तीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है। पंचांग के अनुसार, बुध 22 जून को दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर अपनी स्वराशि मिथुन से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा है। ऐसे में कुछ राशि के जातकों के मानसिक, शारीरिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन कुछ राशि के जातकों को लाभ मिल सकता है।

**मकर राशि :** आपकी गोचर कुंडली के सातवें भाव में बुध गोचर करने वाले हैं। इस भाव को साझेदारी, विवाह, व्यापारिक संबंध आदि का माना जाता है। ऐसे में बुध के इस भाव में जाने से इस राशि के जातकों को नौकरी और व्यापार में लाभ मिल सकता है। कार्यस्थल में आपके काम की तारीफ हो सकती है। ऐसे में आय में वृद्धि के साथ पदोन्नति हो सकती है। ऐसे में पैसों की तंगी से निजात मिल सकती है। हालांकि अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा ध्यान रखें, क्योंकि इसके कारण बनते हुए काम भी बिगड़ सकते हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के कुंडली के ग्यारहवें भाव में विराजमान रहेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते है। समाज में मान-सम्मान की तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। स्वास्थ्य इस अवधि में अच्छा रहने वाला है। मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। दोस्तों, रिश्तेदारों से लेकर परिवार के साथ अच्छा वक्त बीत सकता है। अध्यात्म की ओर भी आपका झुकाव हो सकता है।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों की राशि के दूसरे भाव में बुध का गोचर होगा। ऐसे में इस राशि के जातकों को अचानक धन लाभ हो सकता है। आपकी वाणी में मधुरता आ सकती है। आर्थिक स्थिति इस अवधि में अच्छी रहने वाली है। आप नई संपत्ति, वाहन, घर या फिर प्रॉपर्टी खरीदने में सफल हो सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं की तेजी से वृद्धि हो सकती है। निवेश से भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

### तेज धूप, बढ़ता तापमान और डिहाइड्रेशन न सिर्फ हमारी एनर्जी सोख लेते हैं

# गर्मियों में क्यों बढ़ जाते हैं हैवी पीरियड्स? जानिए हार्मोन्स पर असर और राहत के आसान टिप्स

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही सेहत से जुड़ी कई चुनौतियां सामने आने लगती हैं। तेज धूप, बढ़ता तापमान और डिहाइड्रेशन न सिर्फ हमारी एनर्जी सोख लेते हैं, बल्कि महिलाओं के पीरियड्स को भी बुरी तरह प्रभावित करते हैं। अक्सर देखा गया है कि गर्मियों में महिलाओं को हैवी ब्लीडिंग, असहनीय दर्द, ऐंठन और पेट फूलने जैसी समस्याओं का सामना ज्यादा करना पड़ता है। आइए जानते हैं कि मौसम का यह बदलाव महिलाओं के हार्मोन्स को कैसे प्रभावित करता है और इससे कैसे बचा जा सकता है।



### दर्द, ऐंठन और सूजन से बचने के उपाय

गर्मियों के इस कठिन दौर में थोड़ी सी सावधानी और सही दिनचर्या अपनाकर मासिक धर्म की तकलीफों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पानी पिएं। सादे पानी के अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। तरबूज, खीरा और संतरा जैसे पानी से भरपूर फल खाएं। यह शरीर की सूजन और सिरदर्द को कम करेगा।

### इन तरीकों को भी आजमाएं

इन दिनों तला-भुना, ज्यादा मसालेदार और अधिक नमक वाले जंक फूड से पूरी तरह दूरी बना लें। हार्मोन्स को संतुलित रखने के लिए 7-8 घंटे की गहरी नींद बेहद जरूरी है। इसके साथ ही पसीने और इन्फेक्शन से बचने के लिए ढीले, आरामदायक और सूती कपड़े पहनें।

### ज्यादा परेशानी हो तो डॉक्टर को दिखाएं

यदि आपको लगातार कई महीनों तक बहुत ज्यादा ब्लीडिंग, असहनीय दर्द या चक्कर आने की समस्या हो, तो इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### गर्मी में हैवी पीरियड्स की वजह

ज्यादा गर्मी से ब्लीडिंग नहीं बढ़ाती, लेकिन यह शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ देती है। तेज गर्मी के कारण नींद पूरी न होना, तनाव बढ़ना और खान-पान में बदलाव आने से शरीर में स्ट्रेस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ तनाव पीरियड्स को नियंत्रित करने वाले एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन्स को असंतुलित कर देता है।

### शरीर में कई समस्याएं महसूस होती है

इसके अलावा, गर्मी में डिहाइड्रेशन के कारण शरीर में कमजोरी आ जाती है। जिन महिलाओं को पहले से ही पीसीओएस, थायराइड या एंडोमेट्रियोसिस जैसी समस्याएं हैं, उनके लक्षण इस मौसम में और गंभीर हो जाते हैं, जिससे हैवी पीरियड्स और पेट में तेज ऐंठन महसूस होने लगती है।



## अपने बच्चों को किशोरावस्था में सिखाएं कुछ अहम बातें, जीवन में बनेंगे सफल

किशोरावस्था एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण समय है, जब बच्चे अपने जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों को विकसित करना शुरू करते हैं। माता-पिता के रूप में, आपका योगदान इस प्रक्रिया में बहुत अहम हो सकता है। सही दिशा में मार्गदर्शन देकर आप अपने किशोर को एक मजबूत और सफल जीवन जीने के लिए तैयार कर सकते हैं। आइए आज हम आपको ऐसे अहम जीवन सबक बताते हैं, जो किशोर बच्चों को सिखाना जरूरी है।

**ईमानदारी का महत्व समझाएं :** ईमानदारी एक ऐसा गुण है, जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत अहमियत रखता है। किशोरों को सिखाएं कि सच बोलना और झूठ न बोलना कितना जरूरी है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज में सम्मानित होते हैं। ईमानदारी से वे दूसरों के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं और उनकी पहचान एक अच्छे इंसान के रूप में होती है। इसलिए, हमेशा अपने किशोरों को सच बोलने की आदत डालें।

**मेहनत का महत्व बताएं :** मेहनत ही सफलता की चाबी होती है। किशोरों को यह समझाना जरूरी है कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। बिना मेहनत के कुछ भी हासिल नहीं होता। उन्हें अपनी पढ़ाई या किसी भी काम में मेहनत करने की आदत डालें। इसके अलावा उन्हें यह भी सिखाएं कि कठिनाइयों का सामना करके ही सफलता मिलती है और मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। इस तरह वे जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

**समय प्रबंधन सिखाएं :** समय का सही इस्तेमाल एक जरूरी कला है, जो हर किशोर को सीखनी चाहिए। उन्हें यह सिखाएं कि कैसे वे अपनी दिनचर्या को सही तरीके से प्लान कर सकते हैं, ताकि वे सभी काम समय पर कर सकें। इससे न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि वे तनाव मुक्त भी रहेंगे।

### आलोचना सहन करना सीखें

जीवन में आलोचना आती रहती है, इसलिए किशोरों को यह सिखाना जरूरी है कि वे आलोचना को सकारात्मक तरीके से लें। उन्हें बताएं कि हर किसी की राय अहमियत रखती है, लेकिन खुद पर विश्वास रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। आलोचना से घबराने के बजाय उसे सुधारने का मौका समझें। इससे वे मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे और अपनी गलतियों से सीख सकेंगे। यह गुण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

### दूसरों की मदद करना

दूसरों की मदद करना न केवल अच्छा काम होता है, बल्कि इससे हमारी आत्मा भी शांत रहती है। किशोरों को यह आदत डालें कि वे दूसरों की मदद करें, चाहे वह छोटा-सा काम ही क्यों न हो। जैसे किसी बुजुर्ग व्यक्ति का रास्ता पार कराना या स्कूल में किसी नए दोस्त का हाथ थामना। इन अहम जीवन सबकों के जरिए आप अपने किशोर बच्चों को एक सफल और खुशहाल जीवन जीने के लिए तैयार कर सकते हैं।

# डायबिटीज मरीजों के लिए केला और आम सही या नहीं, सावधानियां रखना जरूरी

गर्मियों के मौसम में लोग आम खाना बहुत पसंद करते हैं। साथ ही बनाना शेक भी एक अच्छा विकल्प माना जाता है। हालांकि बहुत से लोगों को डायबिटीज होती है, जिसके कारण वे कई फल खाने से कतराते हैं। ऐसे में अक्सर मन में ये सवाल भी होता है कि आखिर डायबिटीज के मरीजों को आम और केला खाने चाहिए या नहीं। अगर आपके मन में भी ये सवाल है, तो आज हम आपके इसी सवाल का जवाब लेकर आए हैं।

दरअसल, डायबिटीज के मरीज गर्मियों में आम और केला खा सकते हैं लेकिन उन्हें कुछ चीजों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है उन्हें एक सीमित मात्रा में आम और केले खाने चाहिए। इस दौरान उन्हें कुछ सावधानियां बरतने की भी ज़रूरत है।

### आम खाने का तरीका

आम खाना सेहत के लिए अच्छा होता है। इसमें



नेचुरल शुगर और कार्ब्स होते हैं। हालांकि इसका सेवन संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए। डायबिटीज के मरीज रोजाना एक मध्यम आकार का आम या आधा आम खा सकते हैं। डायबिटीज पेशेंट्स को आम का जूस, शेक और आमरस नहीं पीना चाहिए। इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

### केला खाने का तरीका


डायबिटीज के मरीजों को केले का सेवन करने से बचना चाहिए। अगर मन करता है, तो कम मात्रा में केले का सेवन कर सकते हैं। बहुत ज्यादा पके केले नहीं खाने चाहिए। छोटे या कम पके केले आपकी सेहत पर नेगेटिव असर नहीं डालेंगे।

### बरतें ये सावधानियां

आम और केलों का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए। इनका सेवन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच करना चाहिए क्योंकि इस दौरान मेटाबॉलिज्म सक्रिय रहता है। रात के समय इसका सेवन न करें। बता दें कि अगर आपका ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में है, तो आप दिन के समय 100-150 ग्राम तक आम या एक छोटा केला खा सकते हैं।

# घर की सजावट के लिए बेहतरीन है लैवेंडर मन व आंखों को भी देता है सुकून

लैवेंडर एक ऐसा रंग है, जो न केवल आंखों को सुकून देता है, बल्कि आपके घर की सजावट को भी खास बना सकता है। यह रंग शांति और आराम का एहसास दिलाता है, जिससे आपका घर एक अलग ही माहौल बनाता है। इसके अलावा लैवेंडर रंग के फर्नीचर और दीवारों पर भी अलग ही निखार आता है। आइए जानते हैं कि क्यों लैवेंडर रंग का इस्तेमाल घर की सजावट के लिए बेहतरीन है।



### मानसिक शांति देने में है मददगार

लैवेंडर रंग मानसिक शांति और सुकून प्रदान करता है। यह रंग तनाव को कम करने में मदद करता है और मन को शांत रखता है।

अगर आप अपने घर की दीवारों या फर्नीचर पर लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपका घर एक आरामदायक माहौल बनाता है, खासकर बेडरूम और लिविंग रूम में लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करने से आप ताजगी महसूस कर सकते हैं और मानसिक तनाव से राहत पा सकते हैं।

### प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर

लैवेंडर रंग प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर होता है। यह रंग हर मौसम में अच्छा लगता है और आपके घर को एक ताजगी भरा लुक देता है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, लैवेंडर रंग हर मौसम में खिलता हुआ नजर आता है। इसके अलावा यह रंग सूरज की रोशनी में भी अपनी चमक नहीं खोता, जिससे आपका घर हमेशा खुशनुमा दिखता है। लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपने घर को एक प्राकृतिक और आकर्षक रूप दे सकते हैं।

### सेहत के लिए है फायदेमंद

लैवेंडर रंग का इस्तेमाल सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। यह रंग न केवल आंखों को सुकून देता बल्कि मन को भी शांत रखता है। इसके अलावा लैवेंडर रंग की दीवारें और फर्नीचर आपके मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इससे आप तनावमुक्त महसूस करते हैं और आपके घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहता है। इसलिए अपने घर की सजावट में लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपनी घर की सजावट में नया अंदाज ला सकते हैं। यह रंग फर्नीचर, पर्दे, कुशन कवर आदि पर बेहद खूबसूरत लगता है।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बड़े पर्दे पर फिर लौटेगी एंडगेम, इस साल मार्वल की तीन बड़ी फिल्में होंगी रिलीज



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स एक बार फिर दुनिया भर के दर्शकों को रोमांच से भरने की तैयारी कर चुकी है। सुपरहीरो फिल्मों की दुनिया में अपनी अद्वितीय पहचान बना चुकी अवेंजर्स एंडगेम अब 2026 में दोबारा थिएटरों में वापसी करने जा रही है। जी हां, मार्वल अपने गोल्डन एरा को फिर से जीवंत करने के इरादे के साथ उतरा है और 2026 को सुपरहीरो कहानियों का सबसे बड़ा साल बनाने की रणनीति तैयार हो चुकी है। मार्वल ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि अवेंजर्सः एंडगेम की री-रिलीज 25 सितंबर 2026 को की जाएगी। 2019 में रिलीज हुई यह फिल्म विश्वभर में करोड़ों फैंस से जुड़ी है। अपनी दिल दहला देने वाली कहानी, सुपरहीरो टीमअप और इमोशनल पडावों के कारण एंडगेम को काफी पसंद किया गया था। री-रिलीज के पीछे मार्वल का उद्देश्य न केवल नए दर्शकों को इस क्लासिक फिल्म से जोड़ना है, बल्कि पुराने फैंस को भी वह एहसास दोबारा देने का है, जिसने 2019 में सिनेमाघरों को हाउसफुल कर दिया था। मार्वल का 2026 का कैलेंडर इस बात का प्रमाण है कि MCU एक नए सुपरहीरो युग की शुरुआत करने वाला है। जुलाई से दिसंबर तक के तीन महीनों में तीन बड़ी रिलीज दर्शकों के सामने होंगी- स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यूज डे अगले साल 31 जुलाई को रिलीज होगी। अवेंजर्स एंडगेम 25 सितंबर को रि-रिलीज हो रही है।

### टॉलीवुड

## पुलीः विजय की 130 करोड़ी महाफ्लॉप फिल्म, श्रीदेवी बनी थीं विलन



बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा में अनगिनत फिल्में बनी हैं। इनमें से कुछ ने परचम लहराया, तो कुछ बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गईं। इन्हीं में से एक थी हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने थलपति विजय। फिल्म को बहुत बड़े लेवल पर बनाया गया था और विलन बनी थीं दिवंगत श्रीदेवी। लोगों को लगा कि ये 'बाहुबली' जैसा कुछ कमाल कर जाएगी लेकिन ये हो न सका। रिलीज से पहले, इस तमिल मल्टी-स्टारर फिल्म को लेकर इतना प्रचार हुआ था कि सबको लगा यह 'बाहुबली' जितनी बड़ी हिट होगी। अफसोस की बात है कि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गई। ये फिल्म है 'पुली', जिसके बारे में हम सबकुछ बताने वाले हैं अपनी 'संडे सिनेमा' सीरीज में। प्रभास की फिल्म 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' 2015 में रिलीज हुई और ठीक तीन महीने बाद, इसी तरह के एलिमेंट्स, राज्यों, जंगलों और भव्य सीन्स वाली एक और काल्पनिक फिल्म 'पुली' रिलीज हुई। इसी वजह से, कई लोगों ने 'पुली' की तुलना 'बाहुबली' से की, हालांकि दोनों फिल्मों की कहानी और स्टार्स अलग-अलग थे। दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी ने फिल्म 'पुली' में मेन विलन रानी यवनारानी का किरदार निभाया था। भारी आभूषण, शाही कपड़े और दमदार एक्टिंग से उनका लुक उनके आम रोमांटिक रोल्स से बिल्कुल अलग था। उनका मेकअप और स्टाइल काफी चर्चा का विषय बन गया, कुछ लोगों ने इसे हद से ज्यादा थोपा हुआ बताया तो कुछ ने इसकी तारीफ भी की।

### भोजपुरी

## पवन, आम्रपाली, निरहुआ ला रहे नया रिएलिटी शो 'भोजपुरी बवाल'



भोजपुरी सिनेमा के कलाकार अपना एक अलग रिएलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' लेकर आ रहे हैं जो नेशनल लेवल पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर टेलिकास्ट होने जा रहे हैं इस शो में भोजपुरी सिनेमा के कई धुरंधर दिखेंगे। निरहुआ से लेकर आम्रपाली दुबे, पवन सिंह जैसे तमाम सितारे इस 'भोजपुरी बवाल' में नजर आनेवाले हैं। 'बिग बॉस', 'राइज एंड फॉल' जैसे शोज़ की की तरह पर अब भोजपुरी का अपना रिएलिटी शो देशभर में छाने को तैयार है। जियो हॉटस्टार और कलर्स साथ मिलकर इन सितारों के साथ ये रिएलिटी शो लेकर आ रहा है। हालांकि, यहां ये भी बताया जा रहा है कि ये 'बिग बॉस' या 'लॉक अप' के तर्ज पर एक घर के अंदर रहकर फाइट और आगे निकलने का शो नहीं होगा। यानी इसमें आपको लड़ाई-झगड़ा, ड्रामा, टास्क और इविक्शन जैसी चीज़ें देखने को नहीं मिलेंगी बल्कि ये एक ऐसे रिएलिटी शो होनेवाला है जहां दर्शक भोजपुरी के दिग्गज सितारों की जिंदगी को बेहद करीब से जान और समझ सकेंगे। इस रिएलिटी शो में भोजपुरी सितारे अपनी जिंदगी से जुड़ी सच्ची कहानियों के बारे में बताते दिखेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक 'भोजपुरी बवाल' नाम के इस रिएलिटी शो में दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ, पावर स्टार पवन सिंह, भोजपुरी क्वीन आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और राजनेता तेज प्रताप यादव जैसी कई हस्तियां नजर आएंगी। जियो हॉटस्टार रिएलिटी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक टीजर जारी किया है जिसमें निरहुआ और आम्रपाली की झलक नजर आ रही। इस पोस्ट को शेयर करते हुए मेकर्स की तरफ से लिखा गया है, 'जब बात हो भोजपुरी हार्ट और ठाठ की तो बवाल गारंटी है। भोजपुरी बवाल जल्द आ रहा है जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर।' बताया गया है कि ये शो 'फोलो रिएलिटी' फॉर्मेट पर बेस्ड होगा जहां सितारे पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ की उन बातों को सामने लाएंगे जिनके बारे में लोग नहीं जानते थे या फिर उन्हें अब तक गलत पता था।

## लाइफ स्टाइल

### अनन्या ने अपने लुक से जीत लिया दिल

"मुंबई में आयोजित एक प्रसिद्ध ब्यूटी अवॉर्ड्स में अनन्या पांडे ने अपने लुक से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान उन्होंने एनिमल प्रिंट की स्टाइलिश टू-पीस ड्रेस में जमकर पोज दिए। साथ ही फ्रंट ओपन जैकेट के साथ थाई स्लिट स्कर्ट कैरी की।



## इवेंट में जाने के लिए पहनें इस तरह की स्टाइल और डिजाइन वाली साड़ियां

फैशन





शादी हो या पार्टी साड़ी हर फंक्शन के आउटफिट के लिए बेस्ट है। आप साड़ी पहनकर एलिगेंट लुक ले सकती हैं। साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जो हर लड़की-महिला की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। जैसे साड़ी महिलाओं को खूबसूरत बनाती है, वैसे ही उसकी स्टाइलिंग भी बेहद जरूरी होती है।

इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और ऐसे में महिलाओं के लिए सही ड्रेस का चुनाव करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। ऐसे में आज की इस खबर में हम आपको कुछ अलग-अलग स्टाइल और डिजाइन की साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे पहनकर आप किसी भी इवेंट में चार-चांद लगा सकते हैं और हर कई आपकी तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पाएगा। आइए जानते हैं।

**साटिन की साड़ी करें ट्राई :** सैटिन की साड़ी भले ही ट्रेंड से चली गई है, लेकिन आज कल लड़कियां इस साड़ी को हर खास इवेंट में स्टाइल कर रही हैं। सैटिन की साड़ी आपको ट्रेंडी के साथ-साथ खूबसूरत लुक भी देता है। आप इसे अलग-अलग ब्लाउज के साथ वियर कर सकती हैं और इसके साथ आप इंडो-वेस्टर्न लुक भी कैरी कर सकती हैं।

**थ्रेड वर्क साड़ी लगेगी स्टाइलिश :** थ्रेड वर्क वाली साड़ी एक बार फिर फैशन में आ गई है। अगर आप भी खुद को अलग स्टाइलिंग करने की सोच रही हैं तो चिकनकारी, थ्रेड वर्क साड़ी या फिर बॉर्डर वर्क साड़ी ट्राई कर सकती हैं। यह मार्केट में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

**शिफॉन की साड़ी करें वियर :** आज कल कॉलेज गोइंग गर्ल्स शिफॉन की साड़ियों को ही वियर कर रही हैं। यह किसी भी फंक्शन में काफी स्टाइलिश लुक देता है और आसानी से कैरी भी किया जा सकता है। अगर आप कोई डे फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो इस साड़ी को जरूर ट्राई कर सकती हैं।

**सिल्क साड़ी :** सिल्क साड़ी का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होने वाला है। हर उम्र की महिलाएं सिल्क साड़ी को पहनना काफी पसंद करती हैं। सिल्क साड़ी में आप के पास वैरायटी है। आप बनारसी, कांजीवरम, कांचीपुरम जैसी साड़ी का चुनाव कर सकती है। यह हर फंक्शन के लिए बेहतरीन है।

## क्या आप भी चाहती हैं नेल पॉलिश को खूबसूरत व टिकाऊ बनाना, तो इन टिप्स का रखें ध्यान

लड़कियां और महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। ठीक उसी तरह से आज के समय में नाखूनों को भी खूबसूरत बनाकर रखने की परंपरा है। इसके लिए लड़कियां स्पेशली अलग-अलग नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। बाजार में अब तमाम रंगों की नेल पैंट आती हैं, जो देखने में काफी खूबसूरत लगती हैं।

**सबसे पहले नाखूनों को करें तैयार :** नेल पॉलिश से पहले नाखून साफ करें। नाखूनों पर किसी भी प्रकार का ऑयल, गंदगी या मॉइश्चर मौजूद हो तो नेल पॉलिश ठीक से नहीं टिकती। ऐसे में नेल पॉलिश लगाने से पहले नेल रिमूवर या ऐसिटोन से नाखूनों को अच्छी तरह साफ करें। इसके बाद एक सूखे कपड़े से नाखून पोंछ लें।

**अब बारी है बेस कोट की :** नेल पॉलिश लगाने से पहले हमेशा बेस कोट लगाएं। यह नेल पॉलिश को नाखूनों पर बेहतर तरीके से टिकने में मदद करता है और नाखूनों को पीलेपन से बचाता है। ये पारदर्शी नेल पॉलिश होती है, जिसे लगाना बेहद जरूरी होता है।

**पतली परतों में नेल पॉलिश लगाएं :** नेल पॉलिश हमेशा पतली परत में लगाएं। पहले एक हल्की परत



लगाएं और इसे सूखने दें। फिर दूसरी परत लगाएं। मोटी परतें जल्दी चिपक जाती हैं, इसलिए पतली परतों में काम करें। यदि आपकी नेल पॉलिश गाढ़ी हो गई है तो इसे गुनगुने पानी के कटोरे में रखकर पहले पिघला लें, तब इस्तेमाल करें।

**टॉप कोट का इस्तेमाल करें :** नेल पॉलिश लगाने के बाद टॉप कोट लगाएं। यह नेल पॉलिश को सील कर देता है और उसे लंबे समय तक टिकने में मदद करता है। हर 2-3 दिन में टॉप कोट का रिफ्रेशर लगाएं, ताकि नेल पॉलिश की शाइन बनी रहे।

### नाखूनों को पानी से बचाएं

गर्म या ठंडा पानी से नाखूनों का संपर्क नेल पॉलिश को जल्दी खराब कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि बर्तन धोते समय या घर के काम करते समय दस्ताने पहनें, ताकि नाखूनों पर पानी और डिटर्जेंट का प्रभाव न पड़े।

### सही नेल पॉलिश चुनें

नेल पॉलिश के इस्तेमाल से समय ध्यान रखें कि इसकी क्वालिटी सही होनी चाहिए। अच्छी गुणवत्ता की नेल पॉलिश ज्यादा समय तक टिकी रहती है। ऐसे में सस्ते और जल्दी चिपकने वाले उत्पादों से बचें।

## हाथों की त्वचा धूप से पड़ गई है काली, लगती है भद्दी तो इन असरदार तरीकों से करें साफ

हाथों का कालापन एक आम समस्या है, जो गर्मी में कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या धूप में अधिक समय बिताने, अनियमित त्वचा देखभाल रूटीन और अन्य कारणों से हो सकती है। इस लेख में हम त्वचा की देखभाल के कुछ असरदार उपायों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आप अपने हाथों के कालेपन को साफ कर सकते हैं और उन्हें पहले जैसा कर सकते हैं। ये घरेलू नुस्खे आपको महंगे ट्रीटमेंट से भी बचाएंगे।

**नींबू और चीनी का स्क्रब लगाएं :** नींबू का रस प्राकृतिक रूप से त्वचा का रंग हल्का करने में मदद कर सकता है। चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में सहायक होती है। इन दोनों को मिलाकर एक स्क्रब बना लें और इसे अपने हाथों पर लगा लें। इसे 10-15 मिनट तक छोड़कर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। नियमित उपयोग से आपके हाथ धीरे-धीरे हल्के होते जाएंगे और कालापन पूरी तरह से दूर हो जाएगा।



### एलोवेरा जेल का करें उपयोग

एलोवेरा जेल में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को ठंडक प्रदान करते हैं और उसे मुलायम बनाते हैं। यह त्वचा की नमी भी बढ़ाता है, जिससे हाथ नरम रहते हैं। एलोवेरा जेल को अपने हाथों पर रोजाना लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसे रातभर छोड़ दें और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपके हाथ मुलायम और चमकदार दिखेंगे। इसके अलावा यह त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाता है।

**दूध और हल्दी का मिश्रण लगाएं :** दूध में ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा की रंगत को हल्का करने में मदद करते हैं। जबकि हल्दी में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं। दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे उसे अपने हाथों पर लगा लें। 20 मिनट तक सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

## धूप और गर्मी के कारण बाल हो रहे हैं डैमेज, तो इन घरेलू चीजों से करें प्रोटेक्ट

भीषण धूप का प्रभाव न सिर्फ सेहत बल्कि बालों और त्वचा पर भी पड़ने लगा है। जहां एक ओर धूप और गर्मी की वजह से लोग डिहाइड्रेट हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोगों की त्वचा और बाल काफी ज्यादा डैमेज होने लगे हैं। चेहरे को धूप से बचाने के लिए तो लोग सनस्क्रीन लगा लेते हैं, लेकिन बालों का क्या ?

**एलोवेरा जेल :** हर घर में एलोवेरा का पौधा तो लगा ही होता है। ऐसे में आप जब भी बाल धोने का प्लान करें कि तो पहले अपने बालों में एलोवेरा जेल लगा लें। इसको लगाने से आपके बालों को पोषण मिलेगा। इसे लगाने के लिए हाथों में एलोवेरा जेल लें और फिर उसे बालों के सिरे से लेकर छोर तक पर लगाएं। आधे घंटे के बाद अपने



बालों को धो लें और फिर इसका असर देखें।

**नारियल का तेल :** गर्मी के मौसम में तेज धूप की वजह से बालों की नमी खोने लगती है। ऐसे में आप नारियल के तेल का इस्तेमाल बालों में करके बालों को पोषण दे सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से एख घंटे पहले गुनगुने नारियल के तेल से बालों की मालिश करें। तीन से चार बार बालों की मालिश करके आप इसका असर देख सकते हैं।

**अंडाः** अंडा बालों को न सिर्फ पोषण देने का काम करता है, बल्कि साथ ही इसके इस्तेमाल से आपके बालों में शाइन भी आएगी। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडा और 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल मिलाकर बालों में लगाएं। एक घंटे इस मास्क को ऐसे ही लगाने के बाद अपने बालों को धो लें।

**दही और शहद का हेयर मास्क :** दही और शहद दोनों ही ऐसी चीजें हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बालों की चमक बरकरार रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए दो चम्मच दही लेकर उसमें शहद मिक्स करें। अब इस मास्क को बालों के छोर से लेकर जड़ों तक में लगाएं। \

### कार्नर न्यूज

**ऐसी जड़ी-बूटी है, जो न केवल खाने में स्वाद बढ़ाती है, बल्कि सौंदर्य के लिए भी बहुत फायदेमंद**

## रोजमेरी का इस तरह से करें इस्तेमाल, सौंदर्य संबंधी कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

रोजमेरी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो न केवल खाने में स्वाद बढ़ाती है, बल्कि सौंदर्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके गुण त्वचा और बालों की देखभाल करने में मदद करते हैं। यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जो त्वचा को पोषण देती है और बालों को मजबूत बनाती है। आइए जानते हैं कि कैसे रोजमेरी का इस्तेमाल करके आप अपनी सुंदरता को और बढ़ा सकते हैं।



### त्वचा की रंगत सुधारने में है सहायक

रोजमेरी तेल त्वचा की रंगत सुधारने में सहायक होता है। इसे गुलाब जल या नारियल तेल में मिलाकर लगाने से आपकी त्वचा की रंगत एकसमान हो सकती है। यह तेल त्वचा की गहराई तक जाता है और उसे पोषण देता है, जिससे रंगत निखरती है। रोजाना इस मिश्रण का उपयोग करने से आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है, जिससे आप हर समय तरोताजा महसूस करते हैं।

### बालों की जड़ों को मजबूत करने में है कारगर

रोजमेरी तेल बालों की जड़ों को मजबूत करने में मदद करता है। इसे अपने सिर पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे खून का दौरा बढ़ता है और बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। इसके अलावा यह तेल बालों की लंबाई को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से इस तेल का उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ, चमकदार और मजबूत बनते हैं।

### चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

रोजमेरी का तेल चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके लिए आपको बस थोड़ी-सी रोजमेरी तेल को अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करनी है। इससे न केवल आपकी त्वचा को नमी मिलेगी, बल्कि यह तनाव को भी कम करेगा। रोजमेरी तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा को ताजगी भरा महसूस कराएंगे और उसे स्वस्थ बनाए रखेंगे।

### डैंड्रफ की समस्या से मिलेगा छुटकारा

अगर आपको डैंड्रफ की समस्या है तो रोजमेरी तेल का उपयोग करें। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से डैंड्रफ कम होता है और सिर स्वस्थ रहता है। यह तेल न केवल डैंड्रफ को कम करता है, बल्कि सिर को भी पोषण देता है। इससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की लंबाई बढ़ती है।



### आंखों की थकान दूर करने में है मददगार

आंखों की थकान दूर करने के लिए रोजमेरी तेल का उपयोग करें। इसे रुई पर लगाकर अपनी आंखों पर रखें। इससे आंखों की थकान दूर होती है और आराम मिलता है। यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर स्क्रीन के सामने काम करते हैं या मोबाइल का अधिक उपयोग करते हैं। इन सभी तरीकों से आप आसानी से रोजमेरी का उपयोग करके अपनी सुंदरता बढ़ा सकते हैं।